* ओड़िशा संस्करण

10 मार्च, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 139

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रामचंद्र पौडेल नेपाल के नये राष्ट्रपति चुने गये






GANDHI INSTITUTE OF PHARMACY JAMSHEDPUR
ADMISSIONS ARE GOING ON
B. PHARM. Eligibility: 10+2 in Science (PCM/PCB) With English
D. PHARM. Eligibility: 10+2 in Science (PCM/PCB)
Admission Helpline 8789000378
A few seats available | Admission on first come first serve basis | Hostel facilities available for Boys and Girls
Approved by PHARMACY COUNCIL OF INDIA (PCI) · Affiliated by KOLHAN UNIVERSITY, CHAIBASA · Recognised by Government of Jharkhand
AT - Chota Sijulata, Hata, Seraikella Kharsawan

# थाना को मयखाना बनानेवाले पांच पुलिसकर्मी हुए निलंबित

## बाबूलाल ने ट्वीट कर कहा, वीडियो देख कर शर्म भी शरमा जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा के महागामा थाना के पुलिसकर्मियों के थाने में शराब पीने और डांस करने के वायरल वीडियो को एसपी नाथू सिंह मीणा ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित करते हुए लाइन हाजिर कर दिया है। इनमें दो एएसआइ और तीन सिपाही शामिल हैं। वहीं इन पुलिसकर्मियों पर विभागीय कार्यवाही भी चलेगी। उधर, भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने इस मामले पर ट्वीट करते हुए लिखा कि वीडियो देख कर शर्म भी शरमा जाये।

### क्या है मामला

गोड्डा जिले के महगामा थाने का एक वीडियो वायरल हुआ। इस वायरल वीडियो में वर्दी पहने और सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मी थाना में बैठकर शराब पीते दिख रहे हैं, और साथ में गाना गा कर डांस भी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर दिख रहे वीडियो में आठ पुलिस कर्मी थाना के अंदर शराब पीते दिख रहे हैं। साथ ही होली के गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो क्लीप को एक व्यक्ति ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर शेयर किया था।






### बाबूलाल ने वीडियो की कहानी बतायी

भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने एक के बाद एक तीन ट्वीट करते हुए इस वीडियो के पीछे की पूरी कहानी सामने रखी है। उन्होंने लिखा है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो और दूसरी तस्वीर में पड़ी ये लाश गोडडा जिले के महगामा थाना क्षेत्र की बतायी जाती है। वीडियो में थाने का दारोगा और पुलिसकर्मी थाने में बैठकर दारू पी रहें है , मस्ती कर रहें है। दूसरी तस्वीर महगामा थाना इलाके के ही एक सत्रह वर्षीय नाबालिग बच्ची की है जिसकी कल ही हत्या कर लाश फेंक दी गयी है। ये दोनों तस्वीरें देख कर शर्म भी शरमा जायेगा। वैसे भी आदिवासी मुख्यमंत्री जो गृह-पुलिस विभाग के भी मंत्री हैं, उनके आदिवासी प्रिंसिपल सेक्रेटरी सह होम सेक्रेटरी 2020 खतियानधारी विशाल चौधरी जैसे दलाल-बिचौलिया के घर/दफ्तर में होम डिपार्टमेंट की महत्वपूर्ण गोपनीय फाइलें ले जाकर साइन करता हो, उस राज्य के थाने वाले थाने में दारू पीकर उत्पात नहीं तो और क्या करेंगे? ऐसे झारखंड में मासूम महिलाओं, बच्चे-बच्चियों, आमलोगों की जघन्य हत्या के अंतहीन सिलसिला को कौन रोकेगा?

### एसडीपीओ ने जांच में दोषी पाया

वायरल वीडियो के संबंध में महागामा एसडीपीओ से जांच करायी गयी। एसडीपीओ की जांच में पांच पुलिसकर्मी एएसआइ बिपिन बिहारी राय व राधा कृष्ण सिंह, सिपाही सत्येंद्र नारायण सिंह, कृष्णा कुमार सिंह और प्यारे मोहन सिंह को दोषी पाया गया। जिसके बाद एसपी ने पांचों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। साथ ही सभी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की गयी है।

# सीएम हेमंत सोरेन बाहा पर्व में शामिल होने नेमरा पहुंचे

- पारंपरिक रीति रिवाज से लोटा पानी देकर किया गया स्वागत
- मां रूपी सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन भी थी साथ
- ग्रामीणों की सुनी समस्या, समाधान का दिया आश्वासन



### मुख्यमंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

बाहा पर्व में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पैतृक आवास परिसर में ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों ने कई समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। जिसका मुख्यमंत्री ने उच्च अधिकारियों से बात कर जल्द समाधान करने का निर्देश भी दिया।

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार की रात बाहा पर्व एवं होली मनाने अपने पैतृक गांव गोला प्रखंड के नेमरा गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, मां रूपी सोरेन और अन्य रिश्तेदार भी नेमरा आये। मुख्यमंत्री करीब आठ बजे सड़क मार्ग से नेमरा गांव पहुंचे। रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा और पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने पौधा देकर मुख्यमंत्री का नेमरा में स्वागत किया। इसके बाद उनके परिजनों और गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित उनके परिवार का पारंपरिक रीति-रिवाज लोटा पानी के साथ जोरदार तरीके से स्वागत किया।

मुख्यमंत्री सोरेन रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार को अपने पैतृक गांव में आदिवासी समाज के लोगों के साथ बाहा पर्व में भाग लिया। बाहा पर्व के दौरान संथाली रीति रिवाज से पूजा अर्चना की गयी।

इधर, मुख्यमंत्री के आगमन की खुशी में उनके गांव में जश्न का माहौल रहा। बाहा पर्व में शामिल होने से पूर्व ग्रामीणों ने जाहेर स्थान की साफ-सफाई पहले से की गयी थी। यहीं पर मुख्यमंत्री के साथ ग्रामीणों ने पूजा में भाग लिया। पाहन श्याम लाल सोरेन मुख्यमंत्री को बाहा पूजा करवाया। बता दें कि मुख्यमंत्री हर साल होली पर अपने पैतृक गांव पहुंचते हैं। ग्रामीणों से मिलते हैं। साथ ही जाहेर स्थान में बाहा पूजा कर बकरे की भी बलि भी देते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आदिवासी गावों में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित है। सपरिवार हमलोग इस पर्व को मानने यहां आये हैं। जंगलों में पेड़ो में नये नये फूल आ रहे है, तो उनका हर्सोल्लास के साथ स्वागत किया जा रहा है। इसमें हम लोग काफी उत्साहित है।

वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहुंचने से पहले ही चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गयी थी। मौके पर कांग्रेस नेता बजरंग महतो रामगढ़ के उप विकास आयुक्त नागेंद्र सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, गोला बीडीओ संतोष कुमार, सीओ उदय कुमार, मांडू इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता, गोला इंस्पेक्टर राजेश कुमार व बरलंगा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह सदलबल मौजूद थे।

# राज्यपाल के बाद अब इडी के पास पहुंची भाजपा

- आइएएस राजीव अरुण एक्का के खिलाफ जांच की मांग की
- प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन और पेन ड्राइव भी दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइएएस राजीव अरुण एक्का के खिलाफ राज्यपाल को ज्ञापन देने के बाद भाजपा अब प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के पास पहुंच गयी है। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने इडी अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने एक्का के खिलाफ जांच करने के लिए ज्ञापन सौंपा और सबूत के तौर पेन ड्राइव भी दिया। पार्टी नेताओं ने इडी अधिकारियों से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाइ करने की मांग की है।

**मनी लांड्रिंग की आशंका जाहिर की :** भाजपा की ओर से दिये ज्ञापन में कहा गया है कि वीडियो क्लिप झारखंड सरकार में दलाली करनेवाले एक प्रमुख व्यक्ति विशाल चौधरी के अरगोड़ा, रांची स्थित प्राइवेट कार्यालय का है। इस वीडियो में विशाल के घर में दिखने वाले सीएम के प्रधान सचिव और गृह विभाग के प्रधान सचिव रहे राजीव अरुण एक्का सरकारी कागजात, फाइलों पर साइन करते नजर आ रहे हैं। आवाज विशाल चौधरी की है। राजीव अरुण और विशाल चौधरी में गहरा रिश्ता है। दोनों ने मिल कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करते हुए देश-विदेश में कई अवैध संपत्तियां अर्जित की हैं। इडी विशाल चौधरी से इस संबंध में अविलंब कड़ाई से पूछताछ करे। गोरखधंधे में शामिल लोगों के खिलाफ मनी लांड्रिंग और अवैध कमाई में शामिल लोगों के खिलाफ जांच कर कठोर कार्रवाई करे। भाजपा के मुताबिक सीएम के प्रधान सचिव गृह, कारा जैसे संवेदनशील विभाग के भी प्रभार में रहे। इस विभाग का कार्य राज्य और देश की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में आशंका है कि राजीव अरुण ने अपने गैर कानूनी काम से दलाल विशाल के माध्यम से बड़े पैमाने पर मनी लांड्रिंग की है। गृह विभाग सीधे सीएम के अधीन है। ऐसे में सीएम के यहां निर्णय के लिए जानेवाली तमाम फाइल भी इस अधिकारी के माध्यम से जाती थी। ऐसे में विशाल के मार्फत वसूली का हिस्सा सीएम तक भी पहुंच रहा होगा, इसकी गहन जांच होनी चाहिए।

**सरकार ने फिलहाल तबादला किया है :** गौरतलब है कि पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक वीडियो क्लिप जारी करते हुए कहा था कि विशाल चौधरी के घर में बैठ कर आइएएस राजीव अरुण एक्का सरकारी फाइलें निपटाते हैं। इसके बाद सरकार ने 6 मार्च को ही एक्का का तबादला पंचायती राज विभाग में कर दिया था। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से राजीव अरुण एक्का प्रकरण की सीबीआइ जांच कराने की मांग की थी।

**ज्ञापन पर दीपक प्रकाश और बाबूलाल का हस्ताक्षर**

पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य नेता शामिल थे। भाजपा ने ज्ञापन इडी के निदेशक के नाम से दिया है। दो पन्नों के इस ज्ञापन पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी के भी हस्ताक्षर हैं।

# एक्टर सतीश कौशिक का निधन




**मुंबई (आजाद सिपाही)।** अभिनेता और डायरेक्टर सतीश कौशिक का बुधवार रात 1:30 बजे दिल्ली में निधन हो गया। वे 66 साल के थे। वे दिल्ली में होली के कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। इसका वीडियो भी सामने आया है। अचानक मौत को देखते हुए दिल्ली के दीनदयाल अस्पताल में उनके शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट बतायी गयी। डायरेक्टर रूमी जाफरी ने बताया कि एयर एंबुलेंस से पार्थिव देह को मुंबई लाया गया। शाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके निधन पर नेता, अभिनेता, डायरेक्टर और इंडस्ट्री से जुड़े अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा और आखिरी टेस्ट बन गया यादगार

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के पीएम टेस्ट मैच देखने पहुंचे

- दोनों प्रधानमंत्रियों ने ग्राउंड का चक्कर लगाया, दोनों ने अपने-अपने कप्तानों को कैप दी, राष्ट्रगान के समय टीम के साथ खड़े रहे



आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे और आखिरी टेस्ट की शुरूआत अहमदाबाद में यादगार बन गयी। दोनों देशों के प्रधानमंत्री मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी एल्बनीज की अगुआई की। दोनों एक साथ मैदान में पहुंचे। दोनों पहले अपने-अपने देशों के खिलाड़ियों से मिले। मोदी ने रोहित और एल्बनीज ने स्टीव स्मिथ को कैप पहनायी। इस दौरान अपने कप्तान से बात कर रहे एल्बनीज को मोदी ने अपनी तरफ खींचा और फोटो खिंचवाने के लिए कहा। फिर दो कप्तान- दो पीएम की ऐतिहासिक फोटो नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्लिक हुई। इस मैच में खेल शुरू होने से पहले एक खास गाड़ी में दोनों नेताओं ने स्टेडियम का एक चक्कर भी लगाया। इस दौरान स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा और दर्शकों ने दोनों नेताओं का स्वागत किया। इस मैच में टॉस के लिए एक खास सिक्का बनाया गया था, जिसमें दोनों देशों के क्रिकेट से जुड़ी यादों के 75 वर्षों को दिखाया गया था।

KIDNEY HEALTH FOR ALL
PREPARING FOR THE UNEXPECTED, SUPPORTING THE VULNERABLE!
World Kidney Day
9 MARCH 2023
#worldkidneyday #kidneyhealthforall
www.worldkidneyday.org
ISN



डॉ अविनाश कुमार दुबे
MBBS, MD, DM Nephrology (JIPMER)
Senior Consultant Nephrology
Raj Hospitals Ranchi

दुनिया भर में 850 मिलियन लोग किसी किडनी की बीमारी से ग्रसित है
10 में से 1 व्यक्ति
10 में से 9 लोग अपनी किडनी की बीमारी से अनजान हैं
दुनिया भर में 2.6 मिलियन लोगों ने डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण प्राप्त किया
CKD/ESRD के बोझ को कम करने का सबसे अच्छा तरीका है रोग की रोकथाम

गुर्दे आपके शरीर का सबसे अधिककाम करने वाला अंग है

किडनी आपको कैसे स्वस्थ रखती है
- अम्ल और छार का संतुलन
- खून का शुद्धिकरण
- पानी का संतुलन करना
- हड्डियो की मजबूती
- रक्तचाप नियंत्रण
- रक्त कोशिकाओं का उत्पादन

गुर्दे की बीमारी के कारण होने वाली समस्याएं
- तंत्रिकाओं को नुकसान
- हृदय रोग
- कमजोर हड्डियां
- मस्तिष्क आघात
- उच्च रक्त चाप
- खून की कमी

किडनी की बीमारी के लक्षण
- चेहरे और पैरों की सूजन
- सांस की तकलीफ
- जी मिचलाना और उल्टी
- उच्च रक्त चाप
- थकान और कमजोरी
- पेशाब की समस्या



क्रोनिक किडनी फेल्योर के मुख्य कारन क्या है ?
- मधुमेह
- उच्च रक्तचाप
- आनुवंशिक रोग
- क्रोनिक ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस
- पथरी रोग
- दवाओं के सेवन का लंबा इतिहास

क्रोनिक किडनी रोग महीनों या वर्षों की अवधि में गुर्दा कि प्रगतिशील हानि है
2040 तक गुर्दे की बीमारी मृत्यु का 5वां प्रमुख कारण होने का अनुमान है

नेफ्रो केयर क्लीनिक
ओकांर होटल के सामने, पिस्का मोड़, रांची
मो. 81021 39781



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 52,700 रु./10 ग्राम
चांदी 66,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


# पूर्वोत्तर के तीन छोटे राज्यों के नतीजों से बदलेगी देश की सियासी हवा

## बंगाल से लेकर महाराष्ट्र और तमिलनाडु तक मच गयी है हलचल

## हर दल यही सोच रहा है कि आखिर भाजपा हर बार बाजी क्यों मार लेती है

**हाल में पूर्वोत्तर के तीन छोटे राज्यों के चुनाव परिणाम सामने आये, जिनसे साफ हो गया है कि देश की सियासी हवा बदल रही है। इन तीन राज्यों में से दो, त्रिपुरा और नगालैंड में भाजपा ने गठबंधन में सरकार बनायी है, वहीं मेघालय में इसने कोरनाड संगमा सरकार को समर्थन देकर सत्ता पर अपनी पकड़ बना ली है। लेकिन इन चुनाव नतीजों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू नगालैंड में सामने आया है, जहां शरद पवार की एनसीपी और नीतीश कुमार की जदयू ने भी सरकार को समर्थन दे दिया है। सियासत के इस नये समीकरण से उन सभी राज्यों में हलचल है, जहां विपक्षी दलों की सरकार है। चाहे पश्चिम बंगाल हो या बिहार, झारखंड हो या तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ हो या राजस्थान या फिर महाराष्ट्र का विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन हो, हर कोई अपनी किलेबंदी मजबूत करने में लग गया है। लेकिन इस बदले सियासी माहौल में सबसे बड़ा सवाल यह पूछा जा रहा है कि आखिर भाजपा हर चुनाव के बाद परिस्थितियों को अपने पक्ष में कैसे कर लेती है। भाजपा ऐसी कौन सी रणनीति अपनाती है, जिसके कारण वह हर चुनाव में जीत हासिल करती है या फिर सरकार बनाने के खेल में बाजी मार ले जाती है। इस सवाल का जवाब बहुत मुश्किल नहीं है। दरअसल भाजपा और विपक्षी दलों में बुनियादी अंतर यही है कि भाजपा हर चुनाव को गंभीरता से लेती है, जबकि विपक्षी दल अक्सर आधे-अधूरे मन से मैदान में उतरते हैं। अब पूर्वोत्तर का ही उदाहरण लें, तो पिछले नौ साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर राज्यों के 50 से अधिक दौरे किये। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह से लेकर दूसरे केंद्रीय मंत्रियों ने लगातार इलाके के नेताओं-कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों से जीवंत संवाद बनाये रखा। दूसरी तरफ विपक्षी नेता या तो चुनाव के वक्त वहां गये या फिर गये ही नहीं। विपक्षी नेताओं की इसी टेबुल पॉलिटिक्स ने उन्हें चुनावी दौड़ में पछाड़ दिया। पूर्वोत्तर के चुनाव नतीजों की पृष्ठभूमि में भाजपा और विपक्ष की रणनीति का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

पूर्वोत्तर के तीन छोटे राज्यों के चुनावी नतीजों से भाजपा उत्साहित है। त्रिपुरा और नगालैंड में सरकार बनाने के अलावा मेघालय में सरकार को समर्थन देकर उसने अपना परचम लहराया है। इतना ही नहीं, नगालैंड में तो भाजपा ने भारत के चुनावी इतिहास में नया अध्याय जोड़ा है। वहां विपक्ष है ही नहीं। चाहे शरद पवार की एनसीपी हो या नीतीश कुमार की जदयू, सभी सत्ता पक्ष के साथ हैं। यह स्थिति विरले ही दिखती है। लेकिन इन तीन राज्यों की सत्ता में भाजपा की वापसी के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर भाजपा हर बाजी को अपनी तरफ कैसे मोड़ लेती है। मोदी-शाह की जोड़ी हर चुनाव के बाद विजयी होकर क्यों उभरती है।

इस सवाल के जवाब बेहद आसान है। पूर्वोत्तर में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि कैसे वह प्रधानमंत्री बनने के बाद 50 से भी ज्यादा बार पूर्वोत्तर का दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह सहित केंद्र के मंत्री लगातार पूर्वोत्तर का दौरा करते रहे हैं। इससे पूर्वोत्तर के लोगों में यह संदेश गया कि केंद्र सरकार उन्हें महत्व दे रही है। इस बात का भी चुनाव में भाजपा को बहुत फायदा मिला। दूसरी तरफ पूर्वोत्तर के इन तीन राज्यों के चुनाव में जहां भाजपा ने धुंआधार प्रचार किया, वहीं विपक्ष ने इस चुनाव में खास दिलचस्पी ही नहीं ली। राहुल गांधी ने जहां सिर्फ मेघालय में एक रैली की, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी कम ही नजर आये। ऐसा लग रहा था, जैसे विपक्ष में पहले ही इस चुनाव में हार मान ली है। इसका फायदा चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिला।

इन नतीजों से साफ हो गया है कि पूर्वोत्तर से बहने वाली सियासी हवा अब देश के अलग-अलग राज्यों में चुनावी माहौल बना रही है, जबकि कुछ साल पहले तक पूर्वोत्तर में होने वाले चुनावों के परिणाम पूरे देश में न तो सियासत को गर्म कर पाते थे और न ही उनका असर देश के बाकी राज्यों में चुनावी माहौल बनाने के तौर पर हो पाता था। दरअसल पूर्वोत्तर को राजनीति की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने जो प्लान बनाया, वह आज हिट हो गया। नतीजतन आज समूचे पूर्वोत्तर में या तो भाजपा की सरकार है या फिर वह गठबंधन में शामिल है। पूर्वोत्तर में सियासत के बड़े केंद्र बनने का असर भी यही है कि शरद पवार, रामदास अठावले, चिराग पासवान जैसे नेताओं की क्षेत्रीय पार्टी भी अब नगालैंड जैसे राज्यों में चुनाव जीत रही हैं।




### प्रचार-प्रसार में माहिर भाजपा

इन तीन राज्यों के नतीजे देश की सियासत में एक बड़ा संदेश देने के लिए तैयार हैं। भाजपा ने जहां त्रिपुरा में वापसी की है, वहीं नगालैंड में भाजपा और एनडीपीपी गठबंधन को बहुमत मिल गया है। मेघालय में एनपीपी भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने जा रही है। पूर्वोत्तर के इन तीन राज्यों में आये चुनावी परिणाम यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि किस तरीके से भाजपा ने वहां पर न सिर्फ सधी हुई रणनीति से परिणामों को अपने खाते में डाला, बल्कि उसका संदेश भी पूरे देश भर में दिया। पूर्वोत्तर में पहले भी चुनाव होते थे और उनके परिणाम आते थे, लेकिन उसका असर उसके पड़ोसी राज्यों तक पर नहीं होता था। जिस तरीके से त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय में चुनावी नतीजों के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली भाजपा मुख्यालय पर आकर माहौल बनाया, उसका संदेश पूर्वोत्तर के राज्यों से निकलकर देश के अलग-अलग राज्यों तक पहुंच गया। इससे साबित होता है कि भाजपा को अपनी छोटी-छोटी जीत को भी बड़े संदेश के साथ समूचे देश में प्रचारित और प्रसारित करने की न सिर्फ कला आती है, बल्कि उसका सियासी फायदा भी उठाना आता है। यही वजह है कि पूर्वोत्तर के चुनावी परिणाम अब समूचे देश में एक माहौल बना रहे हैं।

इसके उलट विपक्षी दल टेबुल पॉलिटिक्स में ही उलझे रहे। जनता से सीधे जुड़ने या उसके बीच में पहुंचने की कोशिश कभी उन्होंने की ही नहीं। इसका नतीजा यह हुआ कि जनता उनसे कटती गयी। भारत जोड़ो यात्रा में लाखों लोग आये, लेकिन उनका असली मकसद तमाशा देखना था, न कि कांग्रेस का समर्थन करना। यह बात कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों को समझनी होगी।

इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी के एक प्लान ने पूर्वोत्तर के पूरे सियासी माहौल को बदल दिया है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण नागा विद्रोही समूह नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (इसाक) के साथ जो समझौता हुआ, वह माहौल को पूरी तरीके से बदलने और पूर्वोत्तर में शांति लाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। इसके अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों के सीमा विवाद और उसके चलते होने वाली आपसी झड़प को न सिर्फ समाप्त किया, बल्कि स्पष्ट रूपरेखा तय करके आपसी विवाद भी खत्म कराया गया। ऐसे बहुत से मामले थे, जो न सिर्फ छोटी-छोटी, बल्कि बड़ी घटनाओं को अंजाम देते थे और एक तरह से पूर्वोत्तर देश की मुख्य धारा से आज की तुलना में बहुत कटा हुआ भी माना जाता था। प्रधानमंत्री मोदी की ऐसी ही कई विवादों को सुलझाने वाली योजना में न सिर्फ पूर्वोत्तर को देश के सभी राज्यों से मजबूती से जोड़ा, बल्कि सियासी रूप से भी उसे मजबूत किया।

नगालैंड के चुनावी परिणाम को ही देखें, तो समझ में आता है कि कैसे छोटी-छोटी देश की राजनीतिक पार्टियों ने वहां पर जीत हासिल की है। इसमें रामदास अठावले की पार्टी से लेकर शरद पवार और चिराग पासवान की पार्टी भी शामिल है। हालांकि इन राजनीतिक पार्टियों की स्वीकार्यता ऐसे राज्य में तभी होती है, जब वहां की क्षेत्रीय पार्टियों के बागियों को टिकट नहीं मिलता है। ऐसा देखा गया है कि लंबे समय तक एक पार्टी में काम करने वाले कार्यकर्ता को टिकट नहीं मिलता है, तो वह दूसरे राजनीतिक दलों में जोर-आजमाइश करता है। इसमें पार्टी से ज्यादा उस नेता का अपना व्यक्तिगत असर होता है और वह चुनाव भी जीतता है। पूर्वोत्तर में सियासी बदलाव की जो बयार बह रही है और उसे राजनीतिक दल, खासतौर से भाजपा जिस तरीके से प्रचारित प्रसारित करती है, उसका लाभ तो भाजपा को मिलता ही है। साथ में पूर्वोत्तर, जो लंबे समय तक देश के अलग-अलग मैदानी राज्यों में सियासी तौर पर असर नहीं डाल पाता था, अब राजनीतिक के लिहाज से मजबूत भी हो रहा है।

गुजरात और हिमाचल प्रदेश के नतीजे बताते हैं कि भारतीय राजनीति में भाजपा की बेताज बादशाह की हैसियत को अब भी कोई चुनौती नहीं है, श्री मोदी अपनी पार्टी से अधिक लोकप्रिय हैं और विपक्ष कोई ऐसी राजनीति या कार्यक्रम बनाने में नाकाबिल है जो भाजपा को चुनौती दे सके। भाजपा के पास जहां एक ऐसा व्यापक सूत्र है जो सभी इलाकों में काफी हद तक कामयाब है, वहीं इसका विपक्षी खेमा सिर्फ एक खास राज्य पर केंद्रित रणनीति के सहारे ही टिक सकता है।

# फिर से इडी के बुलावे पर नहीं पहुंचे जेल अधीक्षक हामिद अख्तर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक हामिद अख्तर एक बार फिर इडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। उन्हें समन पर सात मार्च को इडी कार्यालय में उपस्थित होने के लिए दूसरा समन भेजा था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। इडी ने उन्हें पूर्व में भी एक बार समन भेजा था, लेकिन उन्होंने कहा था कि इडी के अधिकार को उन्होंने हाइकोर्ट में चुनौती दी है और इस आधार पर वह इडी के सामने उपस्थित नहीं हो सके थे।

### इडी को नहीं दे रहे जेल का सीसीटीवी फुटेज

इन दो समन के पूर्व गत वर्ष पांच दिसंबर 2022 को वह इडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ में शामिल हो चुके हैं। इडी ने तब उनसे जेल का सीसीटीवी फुटेज मांगा था, लेकिन उन्होंने नहीं दिया। इडी को सूचना मिली थी कि जेल में रहते हुए मनी लॉन्ड्रिंग के गिरफ्तार आरोपित जेल मैनुअल का उल्लंघन कर रहे हैं। मोबाइल फोन सहित वह सभी सुविधाएं भोग रहे हैं, जो जेल मैनुअल के विरुद्ध है।

**प्रतिक्रियाओं पर भी साध ली चुप्पी**

### जेल अधीक्षक ने साध ली चुप्पी

जेल अधीक्षक के सीसीटीवी फुटेज नहीं देने पर इडी ने कोर्ट का सहारा लिया था। इडी की विशेष अदालत ने भी हामिद अख्तर को सीसीटीवी फुटेज इडी को सौंपने को कहा था। हामिद अख्तर ने इडी कोर्ट के फैसले को हाइकोर्ट में चुनौती दी। इस बार वह इडी कार्यालय क्यों नहीं गये, इस सवाल का जेल अधीक्षक ने जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह इस विषय पर कोई प्रतिक्रिया देना नहीं चाह रहे हैं।

### जेल अधीक्षक को क्यों बुलाना चाह रही है इडी

जेल अधीक्षक हामिद अख्तर से इडी जेल का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने व मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को न्यायिक हिरासत में रिम्स में इलाजरत रहते हुए जेल मैनुअल के विरुद्ध सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में पूछताछ करेगी। रिम्स के सीसीटीवी फुटेज में भी पंकज मिश्रा न सिर्फ फोन पर बातचीत करते दिखे थे, बल्कि वह आम लोगों की तरह एक-दूसरे से मिलना-जुलना भी जारी रखे हुए थे। जेल अधीक्षक इन दोनों ही सवालों का सामना करना नहीं चाह रहे हैं।

# निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की हिरासत अवधि 23 तक बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिये गुरुवार को ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी हुई। कोर्ट ने वीरेंद्र की न्यायिक हिरासत की अवधि 23 मार्च तक के लिए बढ़ा दी है। मनी लांड्रिंग मामले में इडी ने वीरेंद्र राम को तीन अलग-अलग बार रिमांड पर लेकर उससे 12 दिनों तक पूछताछ की थी। इसके बाद सात मार्च को इडी के विशेष न्यायाधीश के आवास पर उसकी पेशी हुई थी, इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। इससे पूर्व इडी को वीरेंद्र राम से पूछताछ के लिए सबसे पहले 23 फरवरी को इडी कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर सौंपा था। इसके बाद 28 फरवरी को फिर से 4 दिनों की पुलिस रिमांड पर इडी को सौंपा था। तीसरी बार तीन दिनों के लिए उसे रिमांड पर उसे इडी को दिया गया था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से इडी ने गिरफ्तार किया था।

**वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में हुई पेशी**

# खादगढ़ा बस स्टैंड में मिला यात्री का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड में गुरुवार की सुबह एक पैसेंजर का शव मिला है। मृतक व्यक्ति की पहचान रतन टोपनो के रूप में हुई है। मृतक व्यक्ति खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। सुबह खादगढ़ा टीओपी को जानकारी मिली थी कि कोलकाता से रांची आने वाली बस में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। खादगड़ा टीओपी प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक सूचना मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस इस बिंदु पर कई लोगों से पूछताछ की है लेकिन अभी तक इस मामले की सही जानकारी सामने नहीं आ पाई है। वहीं इस मामले की जांच की जा रही है।

**खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र का रहने वाला था**

## होली की सुबह मायके पहुंची बेटी के निधन की खबर

# रोते बिलखते ससुराल पहुंचे माता-पिता तो देखा पकवान बना रही थी बेटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** होली की सुबह बेटी के मौत की खबर दामाद ने फोन पर दी। बेटी का घर ज्यादा दूर नहीं था तो मां और उसके परिजन रास्ते में ही रोते बिलखते बेटी के घर की तरफ जाने लगे। गांव में बात फैल गयी की बेटी का निधन हो गया। बेटी के घर के दरवाजे के बाहर परिजन दहाड़े मारकर रोते रहे फिर थोड़ी देर बाद हंसती खिलखिलाती बेटी घर से बाहर निकली तो सभी हैरान रह गये।



घटना खलारी के डकरा भूतनगर बस्ती की है। अंधविश्वास की वजह से यह सब हुआ। अपशकुन टालने के लिए पत्नी की मौत की झूठी सूचना उसके मायके में दी गयी। सबिया होली की सुबह अपने घर में सफाई कर रही थी जब वह दरवाजे पर पहुंची तो कौआ सिर पर चोंच मारकर भाग गया। पति तारकेश्वर ने यह देखा। उसे समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा किसलिए हुआ, क्या यह कोई संकेत है।

इस घटना का जिक्र उसने आस पड़ोस में किया। लोगों ने बताया कि कौआ सिर पर चोंच मारे तो अपशकुन होता है। ऐसे में जिसके सिर पर चोंच मारी गयी है, उसकी मौत की सूचना उसके घरवालों को देनी होती है। वो यहां आकर रोयेंगे तो अनहोनी टल जायेगी। ऐसे व्यक्ति के नाम पर कोई आंसू बहा दे तो बला टल जाती है। इस अंध विश्वास को लेकर दामाद ने फोन पर पत्नी की मौत की सूचना दे डाली फिर क्या था परिजन रोते बिलखते घर पहुंचे तो देखा।

पत्नी के मौत की सूचना देने वाला पकवान खा रहा है। ससुराल के सारे लोग रोना सुनकर आसपास की भीड़ इकट्ठा हो गयी। बच्चे होली खेल रहे थे। थोड़ी देर बाद बेटी बाहर निकली फिर पति ने पूरा माजरा बताया। जिस रास्ते से परिजन रोते बिलिखते गये थे उसी रास्ते से वह हंसते हुए लौटे। इस घटना के बाद गांव के लोग चर्चा कर रहे हैं। होली के दिन इस गांव में यह घटना चर्चा का केंद्र बन गयी।

# गोड्डा में दो महिलाओं की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा/रांची।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार रात दो महिलाओं की हत्या कर दी गयी। बलबड्डा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर जबकि महगामा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की की हत्या कर दी गयी। गोड्डा के महगामा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में एक नाबालिग लड़की का शव बरामद हुआ है। शव की पहचान इसीएल कर्मी की पुत्री के रूप में हुई है, जो बुधवार शाम अपनी सहेली के घर अबीर खेलने के लिए गयी थी लेकिन घर नहीं लौटी। जब देर शाम तक वो घर नहीं आई तो घरवालों ने खोजबीन शुरू की। परिजन रातभर ढूंढते रहे लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। गुरुवार सुबह लड़की का शव एक खेत में मिला। परिजनों के अनुसार लड़की का दुपट्टा उसकी सहेली के घर में मिला है। इधर, शव मिलने की सूचना के बाद गुरुवार सुबह एसडीपीओ महगामा शिव शंकर तिवारी घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच शुरू दी है।

# अल्पसंख्यक अधिकार कन्वेंशन 11 मार्च को रांची में

**रांची (आजाद सिपाही)।** अल्पसंख्यकों के शिक्षा, रोजगार, विकास और सुरक्षा के मुद्दे पर एक राज्य स्तरीय कन्वेंशन रांची में 11 मार्च को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में झारखंड के सभी जिलों से लोगों की भागीदारी होगी। कार्यक्रम को विभिन्न पेशों से जुड़े बुद्धिजीवी और अवकाश प्राप्त न्यायाधीश, शिक्षाविद, लेखक, प्रोफेशनल्स, डॉक्टर और अभियंता के अलावा वामदलों के नेता संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी गुरुवार को भाकपा राज्य कार्यालय में आयोजित एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक अधिकार समन्वय समिति के संयोजक एडवोकेट एके रसीदी, सह संयोजक एम चौधरी और नदीम खान ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.7 °c | 15.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.04 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


# अपराधियों ने दो को मारी गोली, एक की मौत

## हजारीबाग में बाइक से आये चार अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

**एक अपराधी को पकड़कर ग्रामीणों ने जमकर पीटा, घायल हालत में पुलिस को सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत डेमोटांड़ औद्योगिक क्षेत्र मुकुंदगंज में अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। इससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गोलीबारी की घटना में शामिल अपराधियों में से एक को स्थानीय लोगों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। फिर जमकर पिटाई की। उसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। शूटर का नाम दीपक साव बताया जाता है। लेकिन गोलीबारी की इस घटना में स्थानीय निवासी प्रिंस कुमार गिरि (23) पिता पप्पू गिरि की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि दिलीप राणा(40) घायल हो गये। इनके पैर में गोली लगी है। बाइक पर आये चार अपराधियों ने



गोली चलायी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों लोगों को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गये। घटना की सूचना पाकर सीसीआर डीएसपी आरिफ इकराम और अन्य पुलिस पदाधिकारी पहुंचे। सदर विधायक के प्रतिनिधि विजय कुमार ने घायलों के इलाज करवाने में मदद की। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से कार्रवाई की गुहार लगायी है। गोली चलाने के बाद भागने का प्रयास करने लगे। लेकिन ग्रामीणों ने एक अपराधी को खदेड़ कर पकड़ लिया। जमकर उसकी पिटाई हुई उसे भी गंभीर हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर विधायक मनीष जयसवाल अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मामले की जानकारी लेते घटना पर दुःख जताया। उन्होंने राज्य सरकार पर विधि व्यवस्था में असफल रहने का आरोप लगाया। कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग में जमकर वसूली की जा रही है। इस कारण विधि व्यवस्था की समस्या उठ कर खड़ी हो रही है।

## सांसद आदर्श ग्राम योजना की हुई समीक्षा बैठक, कहा

# किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रेरित करें

**सांसद आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत राज्य में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन पर की गयी विस्तृत चर्चा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग सभागार में नवीन कुमार शाह संयुक्त सचिव (सांसद आदर्श ग्राम योजना एसएजीवाइ) ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा की गयी। श्री शाह ने मौके पर अधिकारियों से कहा कि सभी आदर्श गांव के किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रेरित करें और उन्हें कृषि के आधुनिक माध्यमों के बारे में जानकारी दें। इससे किसानों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। उन्होंने चयनित ग्रामों के लिए विलेज एनुअल एक्शन प्लान बनाने का निर्देश दिया। राज्य में चल रही योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य योजनाओं का रोडमैप तैयार किया जाये।

श्री शाह ने जानकारी दी कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 09 मार्च से 11 मार्च तक रांची, खूंटी एवं लोहरदगा सहित राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर ग्रामीण विकास योजनाओं का निरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित जिलों के उपायुक्तों, उप विकास आयुक्त के साथ टीम बैठक भी करेगी। साथ ही ग्राम पंचायत में चल रही योजनाओं का निरीक्षण भी किया जायेगा।

संयुक्त सचिव ने झारखंड में सांसद आदर्श ग्राम योजना सहित अन्य सभी ग्रामीण विकास की योजनाओं की जानकारी ली और केंद्र सरकार के लक्षित मानकों की जानकारी दी।

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि हमें आदर्श जिला बनाने का संकल्प लेना है। इसके लिए सभी प्रखंड कार्यालयों में सजेशन बॉक्स लगाये जायें। इसमें आमजन अपनी समस्याओं के साथ-साथ अपने सुझाव भी साझा कर सकते हैं। इससे ग्राम व्यवस्था को भी सशक्त किया जा सकेगा। उन्होंने स्थानीय स्तर पर विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्य निर्धारण कर कार्य करने का निर्देश दिया। राज्य में संचालित सांसद आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि मूल रूप से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय से कार्य करने के बाद ही योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा सकता है।

बैठक में मनरेगा आयुक्त ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के संबंध में किये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

इस मौके पर संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, अवर सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं इ-गवर्नेंस विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं अन्य विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## तैयारी : मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 14 मार्च से

# परीक्षार्थियों को मिलेगा 15 मिनट का अतिरिक्त समय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में मैट्रिक-इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू हो रही है। परीक्षा में करीब आठ लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गृह जिलों में परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जैक बोर्ड के द्वारा समय से प्रश्न पत्र एवं अन्य परीक्षा सामग्री जिलों को उपलब्ध करा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा पाने के लिए मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जून के प्रथम सप्ताह में जारी कर दिया जायेगा, जिससे विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत ना हो। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को प्रश्नों को पढ़ने और समझने के लिए अलग से 15 मिनट का समय दिया जायेगा। जैक ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है। साथ ही कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने के लिए रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में व्यापक व्यवस्था की गयी हैं। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से तीन अप्रैल तक चलेगी। प्रथम पाली में परीक्षा सुबह 9:45 से दोपहर 1:05 तक आयोजित किया जायेगा। ओएमआर शीट आधारित परीक्षा सुबह 9:45 से 11:20 तक और उत्तर पुस्तिका आधारित परीक्षा 11:25 से दोपहर 1:05 तक चलेगी। इसमें 40 अंक के ऑब्जेक्टिव और 40 अंक के सब्जेक्टिव प्रश्न परीक्षार्थियों से पूछे जायेंगे।

मैट्रिक इंटर परीक्षा कदाचार मुक्त आयोजित करने के लिए जिला स्तर पर उपायुक्त के नेतृत्व में बनायी गयी कमेटी ने व्यापक तैयारी की है, जिसके तहत सीसीटीवी के जरिए परीक्षार्थियों पर नजर रखी जायेगी। परीक्षा केंद्रों का प्रखंड विकास पदाधिकारी, अनुमंडलाधिकारी और उपायुक्त औचक निरीक्षण करेंगे। कदाचार करते पकड़े जाने पर परीक्षार्थी गिरफ्तार भी हो सकते हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्र पर समुचित बेंच-डेस्क, निर्बाध बिजली और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं।

जैक की ओर से इस वर्ष राज्य भर में करीब 1400 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जहां करीब आठ लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे। रांची में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए इस साल 159 केंद्र बनाये गये हैं, जहां लगभग 82 हजार विद्यार्थी परीक्षा देते नजर आयेंगे।

विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जैक बोर्ड ने परीक्षा केंद्र को प्रखंड स्तर से लेकर अनुमंडल स्तर तक में निर्धारित किया है, जिसके तहत मैट्रिक का परीक्षा केंद्र प्रखंड स्तर पर, जबकि इंटर का परीक्षा केंद्र अनुमंडल स्तर पर बनाया गया है। जैक के अनुसार इस साल मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4.50 लाख और इंटर की परीक्षा में 3.50 लाख छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

## निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, सीए सुमन, इंजीनियर शशि पर आरोप गठन 23 को

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल, सीए सुमन कुमार, बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा और खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को इडी कोर्ट में हुई। इडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की कोर्ट ने पूजा सिंघल, सुमन कुमार और शशि प्रकाश के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि निर्धारित की। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में आरोप गठित कर चुकी है। इससे पूर्व 16 मार्च को पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटिशन पर सुनवाई होनी है। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में आरोप गठित कर चुकी है। पूजा सिंघल सुप्रीम कोर्ट से दो माह की अंतरिम जमानत पर हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## सांसद संजय सेठ के आवास पर अन्न होली मिलन समारोह सह हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

# मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए मोटे अनाज से बनाये गये स्वादिष्ट व्यंजन

**सभी व्यंजनों को 40 महिला समूह की दीदियों द्वारा बनाया गया था**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ के आवास पर होली के शुभ अवसर पर अन्न होली मिलन सह हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में देश के प्रसिद्ध हास्य कवि राव अजातशत्रु, केसर देव मारवाड़ी, गौरी मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन के पूर्व स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया।

इस होली मिलन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोच को आगे बढ़ाते हुए मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए मोटे अनाज के स्वादिष्ट झारखंडी ट्रेडिशनल फूड बाजरा की खीर मरुआ की पूरी, गुलगुला, पिठा बाजरे की स्वादिष्ट खिचड़ी, आये अतिथियों के बीच वितरण किया गया ताकि हम जो मोटे अनाज को अपनी दिनचर्या से भूलते जा रहे हैं उसे पुनः अपने जीवन में अपनायें। आये अतिथियों ने मोटे अनाज के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया

इन सभी व्यंजनों को 40 महिला समूह की दीदियों द्वारा बनाया गया। आये अतिथियों ने सांसद संजय सेठ के साथ खूब अबीर गुलाल एवं फूलों की होली खेली। कवियों ने खूब मनोरंजन किया। मंच का संचालन हास्य कवि सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने किया। समारोह में भाजपा प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह प्रदेश के अध्यक्ष सह राज्यसभा के सांसद दीपक प्रकाश, राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, मेयर आशा लकड़ा, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, नवीन जयसवाल, समरी लाल, केके गुप्ता सहित रांची के झारखंड थोक विक्रेता संघ, फेडरेशन झारखंड ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच, श्री माहेश्वरी सभा मारवाड़ी सहायक समिति, ओम श्री साईं सेवा मंडल, अग्रवाल सभा, तेरापंथी समाज, श्री ब्राह्मण सभा समाज, श्री ट्रक मालिक एसोसिएशन, श्री महावीर मंडल रांची, श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति सहित रांची के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठन एवं रांची के सभी गणमान्य लोग सभी 6 विधानसभा के कार्यकर्ता शामिल थे।

## शौर्य हत्याकांड

# मासूम शौर्य का हत्यारा निकला पूर्व किरायेदार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के बहुचर्चित शौर्य हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी संजीव कुमार पंडा (27) ने पुलिस को बताया है कि पैसे की लालच में बच्चे का अपहरण किया था। बच्चे द्वारा पहचान लिये जाने के बाद डरकर बच्चे की नृशंस हत्या कर दी। आरोपी संजीव पंडा शौर्य के घर पहले किरायेदार के तौर पर रहता था। तभी से उसे शौर्य के परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी थी। आरोपी ने यह भी बताया है कि अपहरण वाले दिन (3 मार्च) को ही उसकी हत्या कर दी गयी थी। पुलिस को हत्या के चौथे दिन 7 मार्च को शौर्य का शव मिला। पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर कार भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी संजीव पंडा को जेल भेज दिया है। वह मूल रूप से हजारीबाग जिले के कटकमदाग थानाक्षेत्र का रहने वाला है। फिलहाल रांची के जगरनाथपुर थान ाक्षेत्र में रहता था। मालूम हो कि रांची के बरियातू थानाक्षेत्र के एदलहातु से 3 मार्च को 8 वर्षीय बच्चे शौर्य का अपहरण कर लिया गया था। उसके बाद उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। उस बच्चे की शव को नगड़ी इलाके से बरामद किया गया था। मृतक बच्चे के शव को अपराधियों ने हत्या कर एक लालगुटवा तालाब में फेंक दिया था। इस मामले में रांची पुलिस ने आरोपी को कोडरमा से गिरफ्तार कर लिया है। शौर्य अपने घर के बाहर स्थित एक दुकान में बिस्किट खरीदने के लिए गया हुआ था। उसी दौरान उसे अगवा कर लिया था। शौर्य के गायब होने के बाद रांची पुलिस ने आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला था। सीसीटीवी फुटेज में देखा गया था कि एक उजले कार में सवार एक युवक ने दुकान से घर लौट रहे शौर्य को अपने पास बुलाया और फिर उसे अपने साथ लेकर चला गया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रुका हुआ काम पूरा होगा, आर्थिक लाभ, मान-सम्मान की वृद्धि होगी।

**वृष** नौकरी में बदलाव होगा, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, आनंद से भरा दिन रहेगा।

**मिथुन** मनोरंजन-आनंद से भरा दिन रहेगा, प्रेम संबंधों में सुधार, मानसिक शांति मिलेगी।

**कर्क** स्वास्थ्य में सुधार होगा, यात्रा करनी पड़ सकती है, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**सिंह** पैसे का नुकसान हो सकता है, नौकरी में बदलाव होगा, नये दायित्व मिल सकते हैं।

**कन्या** पुराना विवाद हल होगा, धन की स्थिति अच्छी होगी, स्थान परिवर्तन का योग है।

**तुला** विवाह-प्रेम संबंधी मामले हल होंगे, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी, सेहत अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक** कोई पुरानी समस्या हल होगी, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, मित्रों से सहयोग मिलेगा।

**धनु** व्यापार-नौकरी में सफलता मिलेगी, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, पैसे का लाभ होगा।

**मकर** दिन-भर भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है, संतान संबंधी समस्या का हल होगा।

**कुंभ** सेहत को लेकर चिंता होगी, जीवन साथी से अनबन होगा, पैसे का नुकसान हो सकता है।

**मीन** प्रेम संबंधी परेशानी हो सकती है, कोई नया काम करने से नुकसान होगा, यात्रा करनी पड़ सकती है।

# राज्यपाल से एसबीयू के वीसी ने की शिष्टाचार भेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार मुलाकात कर विश्वविद्यालय में चल रहे सभी अकादमिक गतिविधियों से विस्तृत रूप में अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य नवीन कोर्स के स्वीकृति बारे में भी जानकारियां साझा की। बातचीत के क्रम में राज्यपाल ने कुलपति प्रो गोपाल पाठक को उत्तम शिक्षण माहौल बनाये रखने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये।

# राज्यपाल से साईं नाथ विवि के कुलपति ने शिष्टाचार भेंट की

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने राजभवन में गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की एवं सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ भेंट किया। राज्यपाल से भेंट के दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, रोजगारपरक पाठ्यक्रमों एवं छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट की विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं से अवगत कराया।

कुलपति प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बताया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के आदिवासी, अनुसूचित जनजाति एवं आदिम जनजातीय छात्र-छात्राओं को अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कराने को कहा, जिनसे सरकार द्वारा दी जाने वाले आरक्षण का लाभ मिल सके और उनका प्लेसमेंट सहज हो। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत जनजातीय विद्यार्थियों की जानकारी मांगी है। राज्यपाल ने जल्द ही विश्वविद्यालय भ्रमण की बात कही तथा विश्वविद्यालय में छात्रों के नामांकन की प्रक्रिया, बीएड एवं नर्सिंग की काउंसिलिंग, सत्र नियमित रखने के उपाय, समय-सीमा के अंदर छात्रों का रिजल्ट आदि पर चर्चा करते हुए कहा कि नामांकन में राज्य के छात्रों को वरीयता दी जाये। राज्यपाल ने बेहतर करने की शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय हित में मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन भी दिया।

# दो हजार से अधिक कन्याओं का विवाह कराने वाले बसंत कुमार गौतम का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



बसंत कुमार गौतम। फाइल फोटो

**रांची।** दो हजार से अधिक कन्याओं का विवाह कराने वाले बसंत कुमार गौतम का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 मार्च को दोपहर तीन बजे हरमू मुक्ति धाम में होगा। बंसत कुमार गौतम रांची शहर के जाने माने समाज सेवी थे। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज के परम भक्त शिष्य बंसत कुमार गौतम गुरु आज्ञा पर किसी कार्य को सहर्ष स्वीकार करने का दायित्व उठाना और उस कार्य को तन मन धन के साथ संपूर्ण कराने का कार्य करते थे। वे बहुत ही सरल स्वभाव के थे। उनमें किसी भी व्यक्ति विशेष को अपनी ओर तुरंत ही आकर्षित कर लेने की क्षमता थी। प्रणामी समाज के द्वारा झारखंड की राजधानी रांची मे छह बार, गिरिडीह में दो एवम डाल्टनगंज में एक बार पोलियोग्रस्त रोगियों की शल्य चिकित्सक कराना और 2000 से ज्यादा जरूरतमंद परिवार की कन्याओं का विवाह सुयोग्य वर से कराना उनके सानिध्य में संस्था के द्वारा और भी बहुत सी सेवा के कार्य किये गये। बंसत कुमार गौतम रांची शहर की बहुत सी संस्थाओं से जुड़े हुए थे और सभी संस्थाओं मे तन मन धन से सेवा कार्य में लगे रहते थे। ये श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट, रांची गौशाला न्यास, भारतीय युवक संघ, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा एवं श्री परशुराम विप्र संस्था इनके अलावा भी और बहुत सी संस्थाओं से जुड़े हुए थे। संस्था के उपाध्यक्ष राजू अग्रवाल ने बताया कि ऐसे कर्मठ कार्यकर्ता के निधन से प्रणामी समाज को बहुत बडी क्षति हुई है। इस क्षति की कमी कोई भी पूरा नहीं कर सकता।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## सीमा सुरक्षा बल मेरु कैम्प में विशेष योग सत्र का आयोजन



**महानिरीक्षक इंद्रजीत सिंह राणा ने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे हर घर ध्यान कार्यक्रम के तहत इंद्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के तत्वावधान में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया।

जिसमें कैम्प में उपस्थित अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों ने हिस्सा लिया। योग के महत्व को सीमा सुरक्षा बल में काफी पहले से ही समझा गया है। अपने कुशल योग प्रशिक्षक तैयार कर, योगाभ्यास, सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों के प्रशिक्षण, दैनिक व्यायाम का अहम हिस्सा है।

मौके पर महानिरीक्षक इंद्रजीत सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि योग एक अभ्यास है जो मानसिक, शारीरिक, आध्यात्मिक और सामाजिक स्वास्थ्य को बनाये रखता है। योग एक कला है जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ता है। योग शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। योग के नियम का पालन और प्रतिदिन अभ्यास करके हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। कहा गया है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। उन्होंने सभी को योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

## बरकट्ठा चैती दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन, सूर्यदेव कुमार मंडल बने अध्यक्ष



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम सलैया में देवी मंडप के प्रांगण में चैती दुर्गा पूजा कमेटी के पुनर्गठन को लेकर गुरुवार को बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता रामसेवक प्रसाद ने की। जिसमें सर्वसम्मति से सूर्यदेव कुमार मंडल उर्फ टिंकू कमेटी के अध्यक्ष बनाये। गए। बैठक में इस वर्ष पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर गत वर्ष के आय व्यय का ब्यौरा देते हुए नयी कमेटी का पुनर्गठन किया गया। वहीं सहदेव प्रसाद को उपाध्यक्ष, पंकज पंडित को सचिव, राजदेव प्रसाद को सह सचिव, रंजन कुमार उर्फ सोनू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्णय लिया गया। निगरानी समिति के मार्गदर्शन व संरक्षण के लिए भी दो उपसमिति बनायी गयी जिसमें पहला निगरानी समिति जिसके मुख्य संरक्षक अधिवक्ता रामसेवक प्रसाद व मुखिया इंद्रदेव प्रसाद तथा संरक्षक समिति जिसके अध्यक्ष प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी संयुक्त रूप से होंगे मौके पर विधायक प्रतिनिधि यश राज साहा, रामचंद्र चौधरी, हीरालाल प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, हिरामन प्रसाद, सहदेव प्रसाद, नारायण प्रसाद, जीवलाल पण्डित, राजू रविदास, अर्जुन प्रसाद, रमन प्रसाद, हिरामन प्रसाद, संतोष कुमार मंडल, हीरालाल प्रसाद, सीताराम प्रसाद, विकास कुमार, बबलू कुमार, बुलाकी प्रसाद, सरयू राणा, ईश्वर पंडित, मुन्नीलाल यादव, छोटेलाल मंडल, छत्रु भुइयां, कुलदीप प्रसाद, महरू महतो, रामचंद्र पंडित, छोटेलाल रविदास, महेंद्र प्रसाद, भीम प्रसाद, हुलास महतो, खन्नू प्रसाद, किशुन महतो, प्रयाग महतो समेत समस्त ग्रामीण श्रृद्धालु उपस्थित थे।

## हर दिन की भांति होली के दिन भी जरूरतमंद परिवारों की सेवा में समर्पित रहे नीरज कुमार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** एक ओर जहां पूरा देश और समाज होली के रंग में सराबोर रहा। वहीं दूसरी ओर हजारीबाग के एक शख्स ऐसे जरूरतमंद परिवारों की सेवा में समर्पित रहे जिनकी जिंदगी बदरंग हो गयी हो। यह शख्स कोई ओर नहीं बल्कि मुक्तिधाम सेवा संस्थान के संचालक नीरज कुमार हैं। जो रंगों के त्योहार होली में भी अपने घर- परिवार और अपनों को छोड़कर बुधवार को दिनभर अस्पताल और समाज में सेवारत रहे। उन्होंने विधायक मनीष जायसवाल द्वारा समाज को प्रदत्त मुक्ति वाहन से दो शवों को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट तक पहुंचाया। जिसमें एक शव को जबरा मुक्तिधाम और दूसरे को खिरगांव श्मशान घाट तक छोड़ा। इतना ही नहीं, बरकट्ठा के दुर्घटनाग्रस्त मरीज को आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस की सख्त आवश्यकता पड़ी तो विधायक मनीष जायसवाल के आग्रह पर नीरज कुमार कूद पड़े और खुद ड्राइव करके मरीज को रिम्स तक पहुंचाया। नीरज कुमार की जनसेवा समाजहित में बेहद ही कारगर है। ये सिर्फ होली त्यौहार के दिन ही नहीं बल्कि अमूमन ऐसे ही हर दिन सक्रियता से जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित भाव से जुटे रहते हैं।

## सेवानिवृत्त वनकर्मी की हत्या, जंगल से मिला शव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के बरियारडीह निवासी और सेवानिवृत्त वन कर्मी नकुल नारायण देव (60) का शव नवलसाही जंगल से बरामद किया गया है। उसकी हत्या कर शव को फेंक दिया गया था। इस संबंध में नवलसाही पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। मामले को लेकर मृतक के पुत्र पवन नारायण देव ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें कहा गया है कि उसके पिता नकुल नारायण देव घर से निकले थे और जब घर नहीं लौटे तब उनकी खोजबीन की गयी। इस संबंध में सिमरकुंडी निवासी फूलचंद मांझी को दबाव देने पर उसने बताया कि नकुल नारायण देव की हत्या कर नाला के पास फेंक दिया गया है। बीती रात मृतक का शव ग्रामीणों के सहयोग से बरामद किया गया। दर्ज प्राथमिकी में गिरिडीह के डुमरगढ़ा निवासी गंगा यादव और सिमरकुंडी के फूलचंद मांझी एवं अन्य लोगों पर धारदार हथियार से हत्या करने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार नकुल नारायण देव वन विभाग का कर्मी था और इसी वर्ष 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुआ था। उसका शव बरियारडीह से सिमरकुंडी जाने के रास्ते में नाला से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा है। वही गंगा यादव और फूलचंद मांझी से पूछताछ की जा रही है। घटना में और लोगों के संलिप्त होने की आशंका है।

## झड़प : पदमा में होली के बीच रात में दो गुट आपस में भिड़े

# पत्थरबाजी में पुलिसकर्मी सहित कई राहगीर हुए घायल

**तनाव को देखते हुए पुलिस ने किया कैम्प, सर्च अभियान में अवैध पिस्टल के साथ जिलेटीन व विस्फोटक सामग्री बरामद**

**कई वाहनों के शीशे टूटे, हुड़दंगी घर छोड़कर का हुए फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पदमा।** पदमा प्रखंड में होली का त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में गुजर ही रहा था कि इसी बीच बुधवार की शाम सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में भिड़ंत हो गयी। मामला काफी तूल पकड़ लिया। दो गुटों के बीच जमकर ईंट पत्थर चले। इस बीज कई वाहनों के शीशे टूटे तो कई गरीब परिवार के घर छप्पर टूटे। मामले की जानकारी मिलने के साथ ही पदमा थाना प्रभारी सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। लेकिन उपद्रवियों ने मामले को तब गंभीर बना दिया जब जांच के दौरान पुलिस पर पत्थरबाजी हो गयी। इस दौरान कई पुलिस वालों को चोट लगने की खबर है।

इधर थाना प्रभारी ने स्थिति बिगड़ता देख अपने वरीय पदाधिकारियों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही बरही डीएसपी नाजिर अख्तर कोबरा बटालियन के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उपद्रवियों का सर्च अभियान चलाया। पुलिस की बढ़ती दबिश से उपद्रवी भाग खड़े हुए लेकिन पुलिस को सर्च अभियान के दौरान लाती गांव के कुछ घरों से अवैध हथियार के साथ विस्फोटक सामग्री के साथ कुछ बम मिले। पुलिस गुरुवार तक लाती गांव में कैम्प किये हुए है। दो गुटों के बीच झड़प पर बरही डीएसपी नाजिर अख्तर और थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह लोगों को शांतिपूर्वक अपने-अपने घरों में जाने की सलाह दे रहे थे। इसी बीच बिक्की ओझा और पदमा पुलिस के बीच तू तू में में शुरू हो गयी। पुलिस के बीच उलझन को सुलझाते हुए डीएसपी ने बिक्की ओझा को पकड़ लिया और यहीं से विवाद बढ़ गया। रात में पुलिस पर पत्थरों की बारिश होने लगी सभी पुलिसकर्मी अपने आप को बचाने के लिए गाड़ी और घरों को सुरक्षा ढाल बनाया। कुछ देर के बाद पत्थरों की बारिश कम हुई और पुलिस ने उपद्रवियों की धर पकड़ के लिए सर्च अभियान शुरू किया। उपद्रवी तो भाग निकले लेकिन घरों से बरामद अवैध सामग्रियों को पुलिस ने बरामद किया। जानकारी के अनुसार अवैध पिस्टल के साथ जिलेटीन व विस्फोटक सामग्री पुलिस के हाथ लगी है। पुलिस ने सुबह से उन्हें धरपकड़ शुरू किया और पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस का सर्च अभियान जारी था।

दो गुटों के बीच हुई झड़प में कई लोगों के वाहन के शीशे फूटने व आर्थिक नुकसान पहुंचने की सूचना है। जिनमें परमेश्वर रविदास, लालू रविदास, सुरेश रविदास, आशीष ठाकुर, कैलाश ठाकुर, विकाश रविदास, जयप्रकाश जयसवाल, मिट्ठू जयसवाल, डब्लू जयसवाल, दशरथ मेहता, बैजनाथ रबिदास, बंगाली प्रसाद मेहता, अनिल ठाकुर शामिल हैं।

## मैट्रिक-इंटर परीक्षा के सफल संचालन को लेकर डीसी ने की तैयारियों की समीक्षा

**14 मार्च से शुरू होने वाली मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** आगामी 14 मार्च से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के सफल संचालन और विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक संपन्न हुई। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि कदाचार मुक्त एवं स्वच्छ माहौल में परीक्षा संपन्न हो, ताकि छात्रों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो. कहा कि मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में और इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। कदाचार मुक्त परीक्षा कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूरी कर लेने का निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था, चहारदीवारी, बिजली की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने के लिए बेंच, कमरे की व्यवस्था, सीसीटीवी, वीक्षक की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी, स्टैटिक पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल, प्रश्न पत्र सह गश्ती दंडाधिकारी और प्रश्न पत्र सह पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिये की परीक्षा के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (यथा स्मॉट वॉच, मोबाईल इत्यादि) के इस्तेमाल पर पाबंदी रहेगी। बैठक में मुख्य रुप से पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार सपोर्ट भारत के कोडरमा जिला अध्यक्ष बने समीर श्रीवास्तव



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय मानव अधिकार सपोर्ट भारत झारखंड के कोडरमा इकाई के लिए समीर कुमार श्रीवास्तव को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला के झुमरीतिलैया गांधी स्कूल रोड निवासी समीर कुमार श्रीवास्तव को राष्ट्रीय मानव अधिकार सपोर्ट भारत का कोडरमा जिला अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर राष्ट्रीय मानव अधिकार सपोर्ट भारत के सभी प्रदेश पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय मानव अधिकार सपोर्ट भारत पूरे हिंदुस्तान के कोने कोने में गरीबों लाचारों पर हो रहे अन्याय के खिलाफ समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार उत्पीड़न शोषण व आतंकवाद व मानव अधिकार हनन जैसी जगह घटनाओं को दूर करने और उनकी आवाज बनने का काम कर रहा है। उन्हें न्याय दिलाने, शासन प्रशासन को अवगत कराना और फरियादी की समस्या का हल कराना, जनहित की समस्याओं का समाधान शासन प्रशासन के द्वारा कराए जाने के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार सपोर्ट भारत उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र ,मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार, झारखंड आदि सभी राज्यों में कार्य कर रहा है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष और पूरी कार्यकारिणी गठित करने का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सैनी ने कहा कि समीर कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्ष बनने पर राष्ट्रीय मानव अधिकार सपोर्ट भारत को मजबूती मिलेगी और कोडरमा जिले में जनहित के लिए कार्य किए जाएंगे। सभी राज्यों में राष्ट्रीय मानव अधिकार के पदाधिकारी मौजूद है, अगर कहीं भी किसी को कोई भी परेशानी है तो प्रदेश अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष तक किसी को भी कोई भी फरियादी फोन कर करके मदद सहयोग ले सकता है और हम शासन प्रशासन के साथ मिलकर उसकी समस्या का समाधान करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सैनी ने समीर श्रीवास्तव के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर नियुक्ति पत्र दिया।

## 23 बेटियों को सदर विधायक ने दिया लहंगा

**कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने सभी के घर जाकर लहंगा भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के 14 बेटियों को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। सुदूरवर्ती क्षेत्र रेबर पंचायत के काजल कुमारी पिता खुशाली यादव ग्राम होरिया, लीलावती कुमारी पिता जुगल सिंह भोक्ता ग्राम कठौतिया, निशु कुमारी पिता संजय ठाकुर ग्राम हेशाकुदर, प्रतिमा कुमारी सीता राम प्रसाद, मनीषा कुमारी पिता हरी प्रसाद ग्राम शाहपुर, कुसुम कुमारी पिता लालधारी साव, गीता कुमारी हुलास प्रजापति ग्राम ढोठवा, नीतू कुमारी पिता धनी सिंह ग्राम अमझर, पम्मी कुमारी पिता विशोक यादव, सीमा कुमारी छोटन राम ग्राम बारगद्दा, रजनी कुमारी पिता धनेश्वर राम, वंदना कुमारी पिता नंदकिशोर पांडेय, सावित्री कुमारी पिता बालो राम ग्राम गदोखर, सुषमा कुमारी पिता राजू ठाकुर ग्राम हेदलाग, काजल कुमारी पिता सूरज राम ग्राम जलमा, शीतल कुमारी पिता भोला राम ग्राम सारूगारू, लक्ष्मी कुमारी पिता जीतन साव ग्राम डांड, अनु कुमारी पिता राजू यादव ग्राम बंझिया, साबित कुमारी पिता जग्गू भुइयां ग्राम बाझा, शोभा कुमारी पिता बद्री भुइयां ग्राम कूद में उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया।

कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने सभी के घर जाकर लहंगा भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की। परिजनों ने सदर विधायक मनीष जयसवाल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारे लोकप्रिय विधायक हमारे सुख-दुख में हमेशा साथ रहते हैं। यही छवि इनको औरों से अलग बनाता है। लहंगा वितरण में विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक यादव, पूर्व मुखिया शाहपुर प्रेमचंद प्रसाद, ढोठवा मुखिया जयप्रकाश केशरी, रेबर मुखिया प्रतिनिधि हलदर यादव, विकास पांडेय, मिथलेश राणा, अनुराग मित्तल, कंचनपुर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भोला राणा, नरेश पासवान, युवा प्रखंड अध्यक्ष पश्चिमी सुमन राय यूवीए प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार मेहता, दिलीप रवि, संजय ठाकुर, जुगल सिंह भोक्ता, सीता राम प्रसाद, धनी सिंह, छोटन राम, धनेश्वर राम, राजू यादव, भोला राम, जीतन साव, सूरज राम एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में होली धूमधाम से मनाया गया, खूब उड़े रंग गुलाल



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्वक और बड़े धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने खुलकर होली खेली। बच्चे, बूढ़े और युवाओं ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कई जगहों पर युवाओं की टोली होली के गीतों पर जमकर झूमी। बड़े-बुजुर्ग होलियाना अंदाज पर जमकर नाचे। प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा, बरकट्ठाडीह, कोनहारा कला, चेचकपी, घंघरी, बरवां, सलैया, गोरहर, बेलकपी, आदि गांवों में भी होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कहीं लोग होली के गीतों पर थिरकते नजर आए तो बुजुर्गों की टोली फगुआ के गीतों के साथ झाल बजाती नजर आयी। प्रशासनिक अधिकारियों बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रीकांत मांझी, बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार, गोरहर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार शाह क्षेत्र में कड़ी निगरानी करते देखे गए। होली के अवसर पर विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख रेणु देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया बसंत साव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं भाजपा नेता केदार साव ने लोगों को शुभकामनाएं दी।

## केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्योहार



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** रंगोत्सव एवं आपसी प्रेम व भाईचारे का त्योहार होली समूचे प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली का खुमार प्रखण्ड वासियों पर अहले सुबह से ही चढ़ा जो देर रात तक चलता रहा। लोगों ने एक-दूसरे को रंग अबीर व गुलाल लगाकार गले मिलकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। वहीं छोटों ने भी बड़ों का आशीर्वाद लिया। सुबह में जहां लोगों ने कीचड़ व मिट्टी से होली खेली वहीं दोपहर बाद एक-दूसरे को अबीर गुलाल भी लगाया। क्षेत्र में कई जगह लोग पारम्परिक ढोल, झाल व करताल की मनमोहक धुन पर थिरकते दिखाई दिये। वहीं लोग होली के रंग में सराबोर दिखाई दिये। पर्व को लेकर प्रखंड प्रशासन भी एलर्ट रहा व क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेता रहा। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर पर्व शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो गया। बड़कागांव क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, प्रमुख सुनीता देवी, उप प्रमुख अमरीका महतो, जिप सदस्य अनीता सिंह, बीडीओ कीस्टो कुमार बेसरा, सीओ राकेश तिवारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कर्मचारी साव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो, समाजसेवी प्रीतम सिंह, प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने प्रखंड वासियों को होली की बधाई दी।

## टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली में खूब उड़े अबीर गुलाल

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया में बुधवार को रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ सोमवार को रात्रि 2 बजे होलिका दहन के साथ बुधवार को रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर समाज व उम्र के लोग मस्ती की रंग में रंग गये। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। प्रेम व भाईचारे के साथ होली खेली व शुभकामनाएं दी। युवाओं की टोली जगह-जगह होली की गीतों पर जमकर झूमी। बुजुर्ग भजन कीर्तन कर शाम तक नाचते-झूमते देखे गये। टाटीझरिया क्षेत्र के टाटीझरिया डुमर, धरमपुर, जेरूवाडिह, कोल्हू, बेड़म, होलंग, बेरहो, डहरभंगा, झरपो, भराजो, खैरा, नारायणपुर, बेडमकका, गोधिया, अमनारी, खंभवा, मंडपा सहित अन्य जगहों पर होली की धूम रही। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में थे। पूरे क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण महौल में मनाया गया। झरपो में देवी मंडप चौक, होलिका दहन स्थल एवं प्रखंड के कई गांव में भी रंगों से भरा मटका फोड़ का आयोजन किया गया। प्रशासन की मुस्तैदी से कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। क्षेत्र के गांवों में होली की उमंग सोमवार से ही दिखने लगी थी। प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के लोगों को होली की शुभकामनाएं दी।

## रक्तदान को लेकर राम वर्णवाल को मिलेगा ग्लोबल ह्यूमेनिटी चेंज अवार्ड



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रक्त के प्रति जागरूक करने वाले समाजिक संगठन टीम रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम वर्णवाल रक्तदान को लेकर अपनी पहचान बनाए हुए हैं। समाज सेवा, परोपकार और रक्तदान के लिए कोडरमा जिले के लोकाई निवासी रक्तवीर सेवा संघ के संस्थापक राम वर्णवाल का चयन ग्लोबल ह्यूमेनिटी चेंज अवार्ड 2023 के लिए हुआ है। समाज में अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष सेवा कार्य करने वाले समाज सेवकों का बीकानेर राजस्थान में राष्ट्रहित फाउंडेशन बीकानेर द्वारा आयोजित सेमिनार में सम्मान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम 11 एवं 12 मार्च को बीकानेर में होगा जिसमें 200 देशों और भारत के 780 समाज सेवकों को सम्मानित किया जाना है। राम वर्णवाल को कई सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। संघ के संस्थापक राम वर्णवाल ने इसका पूरा श्रेय संघ को दिया है बताया कि हमारी संस्था पिछले 4 सालो में सैंकड़ों जरूरतमंदों को रक्त की पूर्ति कर चुका है। हमारी संस्था थैलेसीमिया जैसे बीमार लोगों के लिए भी काम कर रही है। संघ के प्रशासक गंगाधर राणा, मिथलेश मोदी, ठाकुर सुनील, शिवम सिंह, आबिद अंसारी, चंदन सिंह, रितु कुमारी, जफर इकबाल, जैकी यादव, दीपक रोशन, विनीत मोदी, प्रवीण मोदी ने इन्हें बधाई दी है।

## ससुराल में फांसी पर लटका युवक का शव बरामद

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत पचगावां में बुधवार सुबह एक व्यक्ति का उसके ससुराल मे पंखा में शव लटका डोमचांच पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान रोहित राणा उम्र लगभग 30 वर्ष पिता स्व. मुरली राणा, ग्राम लेंगरापीपर, थाना डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतक के ससुराल वाले फरार हो गए। जानकारी के अनुसार उसके ससुराल मसनोडीह पंचायत के पचगावां में मंगलवार देर रात आपसी विवाद हुआ था। वह ससुराल पचगावां में लगभग चार महीने से रह रहा था। उक्त घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। उक्त घटना को लेकर राजद प्रदेश युवा सचिव प्रदीप यादव ने भी कहा कि घटना की जांच कर पुलिस प्रशासन से पीड़ित परिवार को इंसाफ मिले।

# गयाराम महथा की पत्नी ने सीएम हेमंत से लगायी न्याय की गुहार

**मेरे पति को दिनदहाड़े अपराधियों ने की हत्या, पुलिस नही कर रही है कार्रवाई : पीड़िता**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सपरिवार के साथ बुधवार की रात करीब 9 बजे बाहा पर्व मनाने को लेकर पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। वही, गुरुवार को कुम्हारदग्गा गोला निवासी पीड़िता कुंती देवी अपने बच्चे के साथ नेमरा पहुंची और मुख्यमंत्री को एक पत्र सौंपा। पत्र में कहा है कि 30 जनवरी को मेरे पति गयाराम महथा को दिनदहाड़े अपराधियों ने हत्या कर दिया था। इस मामले में गोला थाना कांड संख्या 10/2023 के तहत मामला भी दर्ज किया गया था, लेकिन पुलिस अब तक अपराधियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है और इन लोगों का मनोबल उच्चा कर रही है। मेरे पति की हत्या के गोपाल कुमार महथा और सोनाराम महतो गवाह है। फिर पुलिस पिंटू महथा, लालचंद महथा, शिवपूजन झा, सुधीर महथा, रवि महथा, राजेश महथा, सुनील कुमार महथा, निखिल झा, विवेक कुमार महथा, अभिमन्यु महथा को गिरफ्तार नहीं कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपराधियों की यथाशीघ्र गिरफ्तार करने का गुहार लगाई है, जिससे मुझे न्याय मिल सके।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पारिवारिक पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे नेमरा

# प्रकृतिक और कुलदेवता के प्रति हेमंत सोरेन की है अटूट आस्था

**नेमरा से बीरू कुमार**

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार की देर रात अपने पूरे परिवार के साथ पूजन कार्यक्रम में शामिल होने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। गांव पहुंचने पर मुख्यमंत्री का अपनों ने जोरदार तरीके से स्वागत किया। ढोल नगाड़े के साथ साथ में झूमे। अपनों का प्यार देख मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाव विभोर हो गए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बड़ों से आशीर्वाद और छोटों को दुलारते दिखे। सबके साथ बैठकर खुलकर बातें की। जिसके बाद अपनों के साथ भोजन भी किया। मुख्यमंत्री का शालीनता देख सबों ने उनका जमकर तारीफ किया।



पूजन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री का अटूट आस्था प्राकृतिक और कुलदेवता के प्रति देखने को मिला। मुख्यमंत्री गुरुवार को दोपहर करीब 2 बजे अपनों के साथ घर से निकले और आदिवासी रीति रिवाज के साथ पारंपरिक परिधान पहनकर आवास से करीब 300 मीटर दूरी पर स्थित स्थल पहुंचे। जहां आदिवासी रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना किया। इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना कर झारखंड राज्य के लिए सुख समृद्धि की कामना किया। पूजा अर्चना संपन्न होने के बाद हाथ में लोटा पानी लेकर आवास पहुंचे। इस ढोल नगाड़ों के साथ लोग झूमते हुए आगे आगे चल रहे थे।

**एसपी-डीसी ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था की कमान :** इधर नेमरा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर डीसी माधवी मिश्रा और एसपी पीयूष पांडेय सुरक्षा व्यवस्था का कमान खुद संभाल रहे थे। रामगढ़ से नेमरा तक सड़कों पर पुलिस बल के जवान तैनात दिखे। सुरक्षा व्यवस्था में एसडीओ मो जावेद हुसैन, मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, बरलंगा थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, गोला सर्किल इंस्पेक्टर राजेश कुमार, गोला थाना प्रभारी सिद्धान्त सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात दिखे।

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर डीडीसी ने की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में गुरुवार को डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर बैठक किया। इस दौरान बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी के द्वारा डीडीसी सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि वर्तमान में वैधानिक सहायता के तहत कुल 11 मामले एवं अनुसूचित जाति



एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कल्याण विभाग के समक्ष 1 मामला सामने आया हैं। बैठक के दौरान डीडीसी ने अन्य अधिकारियों के साथ वैधानिक सहायता के लिए 11 मामलों एवं अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 1 मामले के तहत अब तक किए गए कार्यो के संबंध में विचार विमर्श करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**क्या है अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 :** यह अधिनियम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के विरुद्ध किए गए अपराधों के निवारण के लिए है, अधिनियम ऐसे अपराधों के संबंध में मुकदमा चलाने तथा ऐसे अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए राहत एवं पुनर्वास का प्रावधान करता है।

**क्या है विशेषताएं :** यह अनुसूचित जातियों और जनजातियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ अपराधों को दंडित करता है। यह पीड़ितों को विशेष सुरक्षा और अधिकार देता है। इसके अलावा अदालतों को स्थापित करता है, जिससे मामले तेजी से निपट सकें।

# युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के डभातू निवासी अनिल रजवार उम्र 23 वर्ष पिता छठू रजवार ने बुधवार की देर रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना गुरुवार सुबह परिजनों को मिली। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। परिजनों ने बताया कि अनिल प्रत्येक दिन की तरह रात में खाना खाकर

अपने रूम में सोने के लिए गया गया था। वह प्रतिदिन सुबह 4 बजे दौड़ने के लिए उठता था। लेकिन सुबह को देर तक नहीं उठा तो उसे जगाने के लिए पहुंचे। लेकिन अंदर से दरवाजा बंद था। आवाज लगाने पर भी वह नहीं उठा। इसके

बाद दरवाजा को काटकर अंदर घुसे तो देखे कि वह फांसी पर लटका हुआ है। परिजनों ने बताया कि अनिल पुलिस की तैयारी करता था। नोकरी नही मिलने से वह काफी परेशान था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**गोला (आजाद सिपाही)।** जिला के गोला प्रखंड के नेमरा गांव में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वन अधिकार कानून के तहत वन पट्टा देने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मुलाकात में वन अधिकार कानून 2006 नियम 2008 के संशोधन नियम 2012 के तहत सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन पट्टा देने का आश्वासन दिया गया। मौके पर झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन से रामगढ़ जिला प्रभारी ओम प्रकाश मांझी, वन अधिकार समिति अध्यक्ष एवं सचिव अजीत कुमार सोरेन (नेमरा), दिनेश हेंब्रम (लेवाटाड), जीवाधन हेंब्रम (खैराजारा) समेत दोनों संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे।

# नशे में धुत कार सवार ने अधेड़ को रौंदा, हुई मौत



**स्थानीय लोगों ने भुरकुंडा सयाल सड़क को डेढ़ घंटे रखा जाम, आश्वासन के बाद हटाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा-सयाल मार्ग पर रेलवे साइडिंग टिपला के समीप होली के दिन बुधवार को सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे बैठे एक व्यक्ति बालेश्वर भुइयां (55) को अपनी चपेट में ले लिया। इसके कारण बालेश्वर भुइयां की मौके पर ही मौत हो गयी। बालेश्वर भुइयां को चपेट में लेने के बाद कार पलट हो गयी। हालांकि कार (जेएच24 एफ-1902) सवार युवकों को चोटे नहीं लगी। लोगों ने क्षतिग्रस्त कार को सीधा करने के बाद सभी चार युवकों को कार से बाहर निकाला। कार गिद्दी निवासी सुरेश राम की थी। सुरेश राम का पुत्र व उसके दोस्त कार में सवार थे। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने भुरकुंडा-सयाल मार्ग को जाम कर दिया। लोग मृतक के परिजन को पांच लाख रुपये मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंची भुरकुंडा पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर करीब डेढ़ घंटे बाद सड़क जाम हटाया। साथ ही मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। लोगों ने बताया कि कार सवार युवक नशे में धुत थे। कार से शराब की बोतलें भी बरामद हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। इधर, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इधर भुरकुंडा पुलिस ने कार और मालिक के ऊपर 279,304 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है।

# भुरकुंडा कोयलांचल व बासल में धूमधाम से मनी होली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोयलांचल व बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को धूमधाम से रंगों का पर्व होली मनाया गया। इसके पूर्व मंगलवार की अहले सुबह पुरोहित द्वारा पुरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन कराया गया। होली के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को जमकर रंग-अबीर लगाया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिलकर होली पर्व की बधाई दी। इसके बाद लोग एक-दूसरे के घर जाकर विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद उठाया। होली के अवसर पर कई जगहों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता



का आयोजन हुआ। जहां मटका फोड़ने वाले को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान होली के गीतों पर लोग देर रात तक नाचते-गाते दिखें। भुरकुंडा क्षेत्र के पटेलगनर, सुंदरनगर, जवाहरनगर, हुरूमगढ़ा, हॉस्पीटल कॉलोनी, रीवर साईड, सौन्दा डी, जयप्रकाश नगर, सौन्दा बस्ती, सेन्ट्रल सौन्दा, केके कोलियरी, बासल क्षेत्र के बलकुदरा, लबगा, रसदा, किन्नी, जराद, हरिहरपुर, नेतुआ, मेलानी व ग्रामीण क्षेत्र के लादी, चिकोर, मुहआ टोला, देवरिया, मतकमा, कुर्से, पाली, सांकी, निम्मी, सुद्दी आदि क्षेत्रों में शांतिपूर्ण व भाईचारगी माहौल में होली का पर्व संपन्न हुआ। विधि-व्यवस्था बनाये रखने में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल व बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला दल-बल के साथ मुस्तैद रहे। होली के दौरान भुरकुंडा, भदानीनग व बासल की पुलिस सड़कों पर लगातार पेट्रोलिंग कर विधि-व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### केसरवानी समाज ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** नगर केसरवानी समाज के द्वारा होटल प्रबोदय में नगर अध्यक्ष रामकुमार केसरी के नेतृत्व में होली मिलन समारोह सह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक केसरी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया उसके बाद नगर अध्यक्ष रामकुमार केसरी और पूरी आयोजन टीम को साल से सम्मानित किया गया इसके साथ ही होटल के मालिक उदय गुप्ता जी को साल देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने बारी बारी से अपनी प्रस्तुति दी। साथ ही हजारीबाग से चलकर आए कलाकार अमिताभ श्रीवास्तव और उनकी पूरी टीम समा बांधने का काम किया। अमिताभ श्रीवास्तव ने अलग-अलग अभिनेता का आवाज मिमिक्री कर सबको हंसाने का काम किए उनके साथ चल कर आई गायक, गायिका और नर्तकी ने सबको झुमाया। कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजनकर्ता नगर उपाध्यक्ष विनोद केसरी ,अशोक केसरी ,पवन केसरी नगर मंत्री अवध केसरी सुरेंद्र केसरी नगर कोषाध्यक्ष संतोष केसरी विपिन केसरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम संरक्षक मंडल बैजनाथ केसरी, सुरेश केसरी, संतन केसरी केसरी, प्रमोद केसरी अजीत केसरी हरिओम केसरी मनोज केसरी सहित हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहे।

### श्री श्री 108 दुर्गा माता प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ को लेकर भव्य कलश



**चतरा (आजाद सिपाही)।** इटखोरी प्रखंड के नावाडीह गांव में श्री श्री 108 दुर्गा माता प्राण प्रतिष्ठा ज्ञान महायज्ञ को लेकर गुरूवार सुबह भव्य कलशयात्रा निकाली गयी। कलशयात्रा में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, डीएसपी केदार नाथ राम, भाजपा नेता सुजीत भारती, जीप सदस्य सरिता देवी शामिल हुए। इस दौरान यज्ञ समिति ने जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी और को शॉल ओढाकर और स्मृतिचिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष ने श्रद्धालुओं कलश देकर शुभारंभ किया। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष ने कहा यज्ञ से शांति व यज्ञ क्षेत्र पवित्र होता है। कलशयात्रियों के साथ जीप उपाध्यक्ष समेत अतिथिओं ने पैदल चलकर हौशला अफजाई की। इस मौके पर यज्ञ के निवेदक कृष्णा सिंह, डोमन राणा, प्रदीप सिंह लक्ष्मी सिंह, गोपाल सिंह, पप्पू सिंह , सिताराम दांगी, भोला सिंह, संजय रजक, भरत साव, निर्मल सिंह, बालगोविंद राम, लखन राम, सतीश दांगी, बालगोविंद बैठा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### युवक ऑनलाइन ठगी का हुआ शिकार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** पत्थलगड़ा प्रखंड का एक युवक ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ। उसने ऑनलाइन एलइडी बल्ब मंगायी थी। जब पार्सल खोला तो डब्बे में ईट रखा हुआ था। पत्थलगडा निवासी कौलेश्वर दांगी के पुत्र अमरेश कुमार ने फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन एलईडी बल्ब आर्डर किया था 200 रुपये प्रति एलईडी बल्ब की दर से 25 एलइडी का आर्डर किया था। पोस्ट ऑफिस में गुरुवार को पार्सल आया। 5000 रुपये जमा करने के बाद उसने पार्सल खोला तो डब्बे में रद्दी के साथ ईट रखा हुआ था। जानकारी मिलने के बाद बरवाडीह मुखिया महेश दांगी भी पहुंचे और उन्होंने वस्तु स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि आज भी कई हुआ ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया में लुभावने प्रचार देख कर ऑडर करते हैं और ठगी का शिकार होते हैं। उन्होंने कहा कि एलइडी बल्ब की जगह युवक को ईट भेजा गया। वह ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदारी खदान में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने की पीट मीटिंग



पीट मीटिंग को संबोधित करते जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल व अन्य।

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदारी खदान में फरवरी माह 2022 के बकाया 11 एवं 13 दिनों की हुए मजदूरी भुगतान, भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन द्वारा नकारात्मक नीतियों के खिलाफ और अस्थायी खदान बंदी के खिलाफ मंगलवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) के नेताओं द्वारा पीट मीटिंग का आयोजन किया गया। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के केंद्रीय सचिव सह जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल ने कहा कि 13 दिनों की बकाया मजदूरी का भुगतान सीसीएल कर्मचारियों को हुआ तो इसका एकमात्र योगदान कॉमरेड रमेंद्र कुमार एवं एटक संगठन का है। सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार ने कहा कि भुरकुंडा कोलियरी के भूमिगत खदान में प्रचुर मात्रा में कोयला है। जान-बूझकर प्रबंधन इस खदान को चालू नहीं करना चाहती है। पीट मीटिंग में भुरकुंडा शाखा के नेता अनुज कुमार, अशोक राम, संतोष कुमार, रंजीत कुमार, ठुप्पा भुंइया, सुनील सिह, चन्द्रदेव कुमार, रामदेव, अनूप कुमार, आलोक पुरखत, अनिल राय, पालो, सरबिंद से मौजूद थें।

### जिंदल स्टील एंड पॉवर के चेयरमैन नवीन जिंदल का धूमधाम से मना 53वां जन्मदिन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जिंदल स्टील एंड पॉवर के चेयरमैन नवीन जिंदल का 53वां जन्मदिन गुरूवार को जेएसपी के पतरातू इकाई में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान चेयरमैन नवीन जिंदल की लंबी उम्र और स्वस्थ्य जीवन की मनोकामना करते हुए प्लांट परिसर में पूजा-पाठ एवं केक काटा गया। मौके पर जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख आरके अजमेरिया ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की हमें अपने चेयरमैन के मार्गदर्शन में सुरक्षा के साथ कार्य करते हुए कई उच्चाइयों को प्राप्त करना है और राष्ट्र निर्माण में सहयोग देना है। मौके पर जेएसपी पतरातू के एचआर प्रमुख सुभाष चंद्र, वित्त प्रमुख आरडी शर्मा, मार्केटिंग प्रमुख राजीव रंजन, डब्लूआरएम प्रमुख संतोष कुमार, बार मिल प्रमुख मुकुल पांडेय, सेफ्टी प्रमुख अशोक सिंह आदि मौजूद थे।

### जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू प्लांट में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू प्लांट परिसर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि जिंदल स्टील एंड पावर के संस्थापक ओपी जिंदल का सोच था की महिलाओं को शिक्षा इसलिए मिलनी चाहिए की एक महिला दो घरों को शिक्षित करती है एक उसका मायका दूसरा ससुराल। कार्यक्रम में प्लांट हेड के साथ ही एचआर प्रमुख सुभाष चंदर, पीपीसी मार्केटिंग हेड राजीव रंजन, सुभाष शरण, संतोष कुमार, हर्ष प्रियदर्शी, अलका प्रियदर्शी, प्रीति कुमारी, मंजू मिश्रा, श्वेता चौबे मौजूद थीं।

### श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मंदिर एवं धर्मशाला में होली मिलन समारोह



होली मिलन समारोह के दौरान कमल बगड़िया को सम्मानित करते

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में मंगलवार की देर शाम श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मंदिर व धर्मशाला संस्था के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यवसायी सह समाजसेवी कमल बगड़िया ने होली पर आधारित गीतों को गाकर समाज के लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इससे पूर्व श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मंदिर व धर्मशाला संस्था के पदाधिकारियों ने कमल बगड़िया को प्रतिक चिन्ह व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गोयल, उपाध्यक्ष विनोद कुमार पंकज, मंत्री संजीव कुमार बरेलिया, प्रवीण कुमार अग्रवाल, संदीप कुमार अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सुनील गोयल सहित मारवाड़ी समाज के कई लोग उपस्थित थे।

### महिलाओं के लिए विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत गुरुवार को दुलमी प्रखंड के ब्लॉक चौक पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वावधान में महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता अमरनाथ बंका और शिवनाथ ठाकुर ने महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों को विस्तार पूर्वक बताया। इसके अलावा घरेलू हिंसा से महिला की सुरक्षा, अधिनियम, भरण पोषण, दहेज उत्पीड़न और जीवन में शिक्षा के महत्व आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

# इडी पर कांग्रेस का अलग रुख

आम आदमी पार्टी के नेता, दिल्ली के पूर्व वित्त और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की इडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ विपक्षी नेताओं ने जो पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा है, उसका मकसद भले विपक्ष की एकजुटता का संदेश देना हो, उससे सबसे ज्यादा उजागर यही तथ्य हुआ है कि आज भी विपक्षी दलों में तालमेल की बहुत कमी है। वजह यह है कि इस सांकेतिक कवायद से कांग्रेस सहित कुछ प्रमुख विपक्षी पार्टियां अलग रहीं। इस पत्र में सरकार की ओर से इडी के कथित दुरुपयोग को मुद्दा बनाया गया था। खुद कांग्रेस के भी कई नेता इडी के निशाने पर रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में तो सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक से इडी की लंबी पूछताछ हो चुकी है। इसके बावजूद कांग्रेस ने यह कहते हुए इस पत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया कि इडी के 95 फीसदी मामले फर्जी हैं, लेकिन मनीष सिसोदिया के खिलाफ यह केस उन पांच फीसदी मामलों में से हैं, जो सही हैं। पूछा जा सकता है कि यह मामला तो अभी शुरुआती स्टेज में ही है। इडी भी अभी पूछताछ ही कर रहा है। फिर कांग्रेस नेताओं को कैसे मालूम हो गया कि इस मामले में की गयी इडी की कार्रवाई सही है? मगर इन तकनीकी सवालों से ज्यादा महत्वपूर्ण है विपक्ष की पांत में दरार दिखने देने का फैसला। अभी कुछ दिन पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के जन्मदिन पर हुई जुटान के दौरान कांग्रेस को इस बात के लिए घेरा गया था कि वह विपक्षी दलों को साथ लाने की वैसी कोशिश नहीं कर रही, जैसी उससे उम्मीद है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान को मुद्दा बनाया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगले लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की अगुआई में सरकार बनेगी। फारुख अब्दुल्ला जैसे नेताओं की टिप्पणियों के जवाब में खड़गे ने सफाई भी दी कि उन्होंने पीएम पद को लेकर कुछ नहीं कहा था। वहां सभी दलों में यह सहमति बनती दिखी थी कि अभी नेता के सवाल को छोड़कर सिर्फ 2024 के चुनाव पर फोकस रखा जाये। हालांकि उसके ठीक बाद तृणमूल की ममता बनर्जी ने अगला चुनाव अकेले लड़ने का एलान कर दिया। रही-सही कसर कांग्रेस, डीएमके, जेडीयू, जेडीएस जैसे दलों के इस पत्र से अलग रहने से पूरी हो गयी। हालांकि विपक्षी दलों के बीच आपसी अंतर्विरोध कोई छुपी हुई बात नहीं है। आप, टीएमसी, आरजेडी जैसे तमाम दल बीजेपी विरोधी जिस वोट बैंक पर नजर टिकाए हुए हैं उसमें कांग्रेस की सीधी भागीदारी बनती है। ऐसे में कांग्रेस को भी पता है कि वह दबती रही तो ये दल उसे दबाते हुए उसके वोट बैंक पर कब्जा जमाते रहेंगे, लेकिन यह बात भी है कि सब अलग-अलग रहे तो 2024 में बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का लक्ष्य हासिल होना मुश्किल है। ऐसे में 2024 के चुनावों में सीट बंटवारे की रस्साकशी संपन्न होने तक विपक्षी खेमे में ऐसी खींचतान दिखती रहेगी।

**कांग्रेस ने यह कहते हुए इस पत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया कि इडी के 95 फीसदी मामले फर्जी हैं, लेकिन मनीष सिसोदिया के खिलाफ यह केस उन पांच फीसदी मामलों में से हैं, जो सही हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कोविड-19, जलवायु परिवर्तन, कैलोरी सेवन संबंधी जागरूकता को लेकर ऐसे नुकसानदेह परिवर्तन देखने को मिले हैं, जिससे दुनिया का ध्यान इस स्मार्ट फूड (पौष्टिक मोटा अनाज) और इसके पोषण लाभ की ओर गया। 19 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत मोटे अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक है और अब देश ने मोटे अनाज की क्रांति लाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा रखी है।**

# दुनिया को सेहतमंद बनायेगा भारतीय मोटा अनाज



**डॉ एम अंगमुथु**

अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (आइवाइओएम) 2023 में जी-20 की थीम 'मिलकर उबरेंगे, मिल कर मजबूत होंगे' के साथ तालमेल बिठाते हुए, भारत पौष्टिकता से भरपूर मोटे अनाज के निर्यात पर अधिक जोर देकर एक सेहतमंद दुनिया बनाना चाहता है। परंपरागत रूप से उगाए और औषधीय गुणों वाले अनाज भारत की नयी पहचान बना रहे हैं। इसकी खेती से पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं होता है। बाजरा, रागी, कैनरी, ज्वार और कुट्टू अब विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रहे हैं।

कोविड-19, जलवायु परिवर्तन, कैलोरी सेवन संबंधी जागरूकता को लेकर ऐसे नुकसानदेह परिवर्तन देखने को मिले हैं, जिससे दुनिया का ध्यान इस स्मार्ट फूड (पौष्टिक मोटा अनाज) और इसके पोषण लाभ की ओर गया। 19 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत मोटे अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक है और अब देश ने मोटे अनाज की क्रांति लाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा रखी है। एपीडा की मार्केटिंग रणनीति के साथ दुनियाभर में मोटे अनाज के आयात को लक्षित कर भारत के निर्यात में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया जा रहा है। मोटे अनाज की निर्यात संवर्धन रणनीति के हिस्से के रूप में संबंधित संस्थान ने मिलेट सम्मेलन आयोजित किया। इसका उद्देश्य भारत को आगे ले जाने और व्यापार करने वाले शीर्ष 100 देशों के बीच पोषण महत्व के साथ मोटे अनाज के मूल्यवर्धित नये उत्पादों की व्यापक श्रृंखला को प्रदर्शित कर जागरूकता लाना था। भारत की ओर से पेश किए जाने वाले अनूठे उत्पादों को दिखाने के लिए खरीदारों को आमंत्रित किया गया। दुनियाभर में हर शख्स के खाने की प्लेट और हर भोजन में भारतीय मोटे अनाज की जगह सुरक्षित करना मकसद है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत काम करने वाले कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की योजना 2025 तक 100 मिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल करने की है। भारत की क्षमता का आकलन करते हुए एक व्यापक वैश्विक मार्केटिंग अभियान तैयार किया जा रहा है। इसके अनुसार 30 आयातक देशों और 21 मोटे अनाज के उत्पादक राज्यों का ई-कैटलॉग तैयार किया गया है। मोटे अनाज और इसके मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए एक वर्चुअल ट्रेड फेयर प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है।

**भारत के प्रमुख मोटा अनाज निर्यातक देश यूएई, नेपाल, सऊदी अरब, लीबिया, ओमान, मिस्र, ट्यूनीशिया, यमन, यूके और यूएसए हैं।**



भारतीय मोटे अनाज के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, केंद्र सरकार 16 से अधिक अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में व्यापारियों, एफपीओ/एफपीसी, निर्यातकों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने की दिशा में काम कर रही है।

पूरी दुनिया पोषण सुरक्षा की तरफ बढ़ रही है, ऐसे में एक दशक में मोटे अनाज के अंतर्राष्ट्रीय आयात में 5.4 प्रतिशत मूल्य में और 14 प्रतिशत मात्रा में वृद्धि दर्ज की गयी है। अपनी विशेष और उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण मोटे अनाज की तरफ पूरी दुनिया का ध्यान गया है क्योंकि यह ग्लूटेन-मुक्त, उच्च प्रोटीन और उच्च फाइबर का स्रोत होता है। चावल और गेहूं का विकल्प होने के नाते, मोटा अनाज मधुमेह प्रबंधन, वजन घटाने में निम्न ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) में मदद के साथ ही खून की कमी, रक्तचाप और हृदय संबंधी परेशानियों में फायदेमंद है।

हर तरह से मोटे अनाज को गेहूं, चावल और मक्के से बेहतर माना जाता है और अगर भारत पौष्टिक मोटे अनाज के साथ रोग उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ता है, तो ये मधुमेह रोगी और खून की कमी वाली महिलाओं के लिए सुझाये गये आहार में एक तिहाई अनाज की जगह ले सकता है। रोज प्रति व्यक्ति 100 ग्राम मोटा अनाज खाया जाता है तो भारत पोषक अनाज वर्ष (आईवाईओएम) के 'मोटा अनाज, हर आहार में एक प्रमुख भोजन' के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

भारतीय मोटे अनाज के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, केंद्र सरकार 16 से अधिक अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में व्यापारियों, एफपीओ/एफपीसी, निर्यातकों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने की दिशा में काम कर रही है। एफएओ द्वारा रोम, इटली में अपने मुख्यालय में आयोजित आइवाइओएम 2023 के एक कार्यक्रम में भारत पहले ही मोटे अनाज और इसके मूल्य-वर्धित उत्पादों को बढ़ावा दे चुका है। भारतीय दूतावास के सहयोग से जकार्ता और मेडन, इंडोनेशिया में क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित की गयीं। गल्फफूड 2023- दुबई यूएइ, फूडेक्स- जापान, फाइन फूड- ऑस्ट्रेलिया, अनुगा फूड फेयर, जर्मनी आदि जैसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में भागीदारी और 'मोटा अनाज' की थीम के साथ प्रचार में सहयोग के लिए योजनाएं तैयार हैं। बाजरे को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख आयातकों/डिपार्टमेंटल स्टोर/सुपर मार्केट/हाइपर मार्केट श्रृंखला को भारतीय दूतावास के जरिए जोड़ा जायेगा और भोजन के नमूने व स्वाद चखने का अभियान आयोजित किया जायेगा। आइबीइएफ के सहयोग से लक्षित देशों और बाजारों में भारतीय मोटे अनाज की ब्रांडिंग/प्रचार किया जायेगा। सोशल मीडिया के जरिए भी प्रचार अभियान चलाया जायेगा।

राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और मध्य प्रदेश भारत के पांच बड़े मोटे अनाज के उत्पादक राज्य हैं। मोटे अनाज की 16 प्रमुख किस्में पैदा की जाती हैं, जिसका उत्पादन और निर्यात किया जाता है। इसमें सोरघम (ज्वार), पर्ल मिलेट (बाजरा), फिंगर मिलेट (रागी), छोटे दाने वाला बाजरा (कंगनी), प्रोसो मिलेट (चेना), कोदो मिलेट (कोदो), बार्नयार्ड मिलेट (सावा/सांवा/झांगोरा), छोटा बाजरा (कुटकी), दो छद्म बाजरा (बकवीट/कुट्टू), अमरंथ (चौलाई), ब्राउन टॉप बाजरा शामिल हैं।

भारत से मोटे अनाज के निर्यात में मुख्य रूप से साबूत अनाज शामिल है और मोटे अनाज के मूल्यवर्धित उत्पादों की हिस्सेदारी नगण्य है। सरकार खाने के लिए तैयार (आरटीइ) और परोसने के लिए तैयार (आरटीएस) श्रेणी के मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को भी तैयार कर रही है। इसमें नूडल्स, पास्ता, ब्रेकफास्ट अनाजों का मिश्रण, बिस्कुट, कुकीज, स्नैक्स, मिठाई आदि शामिल हैं।

भारत के प्रमुख मोटा अनाज निर्यातक देश यूएई, नेपाल, सऊदी अरब, लीबिया, ओमान, मिस्र, ट्यूनीशिया, यमन, यूके और यूएसए हैं। भारत से निर्यात की जाने वाले मोटे अनाज की किस्मों में बाजरा, रागी, कैनरी, ज्वार और कुट्टू शामिल हैं। सोरघम, कैनरी, बाजरा और रागी के निर्यात से अच्छे दाम देने वाले देशों में अमेरिका शीर्ष पर है जबकि सऊदी अरब कुट्टू और दूसरे मोटे अनाज निर्यात पर बेहतर रिटर्न देता है। आमतौर पर, सोरघम (ज्वार) और अन्य मोटे अनाज की तुलना में कुट्टू को अच्छी कीमत मिलती है। दुनिया में मोटे अनाज का आयात करने वाले प्रमुख देशों में इंडोनेशिया, बेल्जियम, जापान, जर्मनी, मेक्सिको, इटली, अमेरिका, यूके, ब्राजील और नीदरलैंड हैं।

हर आहार में मुख्य भोजन के रूप में मोटे अनाज को शामिल करने के उद्देश्य के साथ भारत दुनियाभर में मोटे अनाज को बढ़ावा दे रहा है।

**(लेखक : एपीडा अध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### उपायुक्त ने झारखंड बोर्ड की 10वीं व 12वीं परीक्षा का सफल संचालन को लेकर की बैठक, 14 मार्च से शुरू होगी परीक्षा

# कदाचार मुक्त हो परीक्षा, बिना आइडी कार्ड परीक्षा केंद्र में प्रवेश निषेध : विजया जाधव

**73 परीक्षा केंद्रों पर 10वीं में 26237 व 29 केंद्रों पर 12वीं में 24702 परीक्षार्थी होंगे शामिल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड में मैट्रिक एवं इंटर बोर्ड की परीक्षा 14 मार्च से होना है। पूर्वी सिंहभूम जिले में 10 वीं में 26237 एवं 12वीं में 24702 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिले के उपायुक्त विजया जाधव ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का सफल संचालन को लेकर प्रशासनिक कवायद तेज कर दी। गुरुवार को उपायुक्त विजया जाधव ने समाहरणालय सभागार में संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिये। बैठक में ग्रामीण एसपी मुकेश लुणायत, एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, एसडीओ घाटशिला सत्यवीर रजक, डीइओ निर्मला बरेलिया, डीपीआरओ रोहित कुमार, डीएसइ निशु कुमारी, सभी बीडीओ एवं सीओ, शिक्षा विभाग के एसडीओ आशीष पांडेय सहित धालभूम अनुमंडल के केंद्राधीक्षक मौजूद रहे।

मौके पर उपायुक्त ने बताया 10 वीं की परीक्षा 14 मार्च से तीन अप्रैल तक, इंटर की परीक्षा 14 मार्च से शुरू होकर पांच अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर 46 जोनल दंडाधिकारी एवं 101 स्टैटिक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। मौके पर डीइओ ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी दी। उपायुक्त ने भी जैक बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करने की बात कही। उन्होंने कहा धालभूम अनुमंडल में 10वीं बोर्ड के लिए 47 परीक्षा केंद्र एवं इंटर के लिए 19 केंद्र है। घाटशिला अनुमंडल में 10वीं के लिए 25 एवं इंटर के लिए 10 परीक्षा केंद्र होंगे। पहली पाली में सुबह 10 बजे से दिन के एक बजे तक 10वीं की परीक्षा तथा दूसरी पाली में दो बजे से संध्या पांच बजे तक इंटर की परीक्षा आयोजित होगी। इस वर्ष 10वीं की बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले से 26237 परीक्षार्थी व 12वीं में 24702 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

### बारीडीह विधायक कार्यालय में होली के गीत पर कार्यकर्ताओं ने जमकर उठाये आनंद

# देश-दुनिया का अनोखा त्योहार होली, कोई विकल्प नहीं : सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** होली के अवसर पर बारीडीह स्थित विधायक सरयू राय के कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक सरयू राय सहित भाजमो के सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ता व विधायक समर्थकों ने रंग बिरंगे अबीर -गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर फगुआ गीत के साथ लजीज पकवान से विधायक कार्यालय होली के रंग में सराबोर हुआ। वही भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने सभी को होली की बधाई दी। सभी के लिए सुखमय जीवन की कामना की। मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल, सीए विवेक चौधरी, सिंहभूम चैंबर के महासचिव मानव केडिया, शंकर मित्तल, किशोर गोलछा, दिलीप गोलछा, मनोज चेतानी, दिलीप गोयल, पवन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष अजय गुप्ता, भाजमो जिला महासचिव कुलविंदर सिंह पन्नु, चंद्रशेखर राव, मंजु सिंह, अमित शर्मा, हरेराम सिंह, विकास गुप्ता, राजेश कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, आकाश शाह, प्रकाश कोया, शेषनाथ पाठक, काकोली मुखर्जी, अमर चंद्र झा, विजय नारायण सिंह, शंकर कर्मकार, बिनोद यादव, कैलाश झा, प्रवीण सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रेम सक्सेना, अभय सिंह, किरण सिंह, रंजिता राय, पुतुल सिंह,गणेश चंद्र, रमेश कुंवर सिंह, महेश तिवारी, तिलेश्वर प्रजापति, अनिकेत सावरकर, नवीन कुमार, त्रिलोचन सिंह, गोल्डेन पांडे, रचित जयसवाल, शुभम विश्वकर्मा, अशोक सिंह उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर में हर्ष उल्लास के साथ मना होली

### पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर लोगों ने जमकर खेला होली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के आवास में होली मिलन समारोह का आयोजित किया गया। मौके पर जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्र से भाजपा सहित अन्य लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के साथ जमकर होली खेली।

इस दौरान रघुवर दास ने होली के फगुआ गीत पर झाल एवं ढोल बजाये। होली के मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर सुबह नौ बजे से लेकर शाम चार बजे तक होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के सैकड़ों लोगों ने पहुंच कर उनके साथ होली खेलते नजर आये। इस दौरान आने वाले अतिथियों के लिए स्वादिष्ट भोजन के साथ उत्तम व्यवस्था की गयी। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने महिला दिवस पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आज महिलाएं सशक्त हो रही है। इस अवसर पर ढोल नगाड़ा के साथ होली के गीत प्रस्तुत की गयी। मौके पर पहुंचे सैकड़ों लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी।

# भारतीय जनसंघ व भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास दुबे पंचतत्व में विलीन, पूर्व मुख्यमंत्री ने जताया गहरा शोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जनसंघ काल के नेता व भाजपा के कई महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित करने वाले गोलमुरी नामदा बस्ती निवासी श्रीनिवास दुबे पंचतत्व में विलीन हो गए। गुरुवार को जानकारी मिलने पर पार्टी में शोक की लहर है। वे पूर्व भाजपा महानगर जिला उपाध्यक्ष व गोलमुरी मंडल के अध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर चुके है।

श्रीनिवास दुबे के निधन होने की सूचना मिलने पर काफी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता उनके निवास स्थान पहुंचे। मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा श्रीनिवास दुबे का जीवन जनसेवा एवं संगठन के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने जमशेदपुर में संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई थी। उनका निधन भाजपा परिवार व समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा उनके अनुशासन और पार्टी के प्रति समर्पण की भावना भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव संस्कारित करते रहेंगे। उनका निधन पार्टी व सामाजिक स्तर पर बड़ी क्षति है। जिसकी कमी पार्टी को हमेशा खलती रहेगी।

उधर नामदा बस्ती आवास में अंतिम दर्शन किया गया। भाजपा महानगर के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार, मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, खेमलाल चौधरी, अप्पा राव, हलधर नारायण साह, अशोक सामंत, मोहन कुमार, विजेंद्र सिंह, बी श्रीनिवास राव, जसबीर सिंह समेत पार्टी के अन्य नेताओं ने पार्थिव शरीर को पार्टी के ध्वज से सम्मान करते हुए पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया। भुइयांडीह स्थित स्वर्णरेखा बर्निंग घाट पर उनके बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## व्यवसायी संघ में मंत्री को 51 किलो का माला पहना कर किया स्वागत

**मेराल (आजाद सिपाही)।** शिलान्यास समारोह के मंच पर मेराल के व्यवसायिक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को 51 किलो का माला पहना कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष नवीन जयसवाल के नेतृत्व में समीम रंगसाज, युगल प्रसाद सोनी, डॉ विनोद बिहारी भगत, रमेश प्रसाद, रेयाज अंसारी, ज्ञान रंजन मिश्र, ज्ञान प्रकाश आदि का नाम शामिल है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

**मेराल (आजाद सिपाही)।** मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा शिलान्यास समारोह के मंच पर मेराल के दर्जनों वरिष्ठ नागरिकों को शॉल तथा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वालों में मुख्य रूप से प्रसिद्ध आमीन शिव नारायण सिंह, झामुमो के फाउंडर मेंबर रहे वयोवृद्ध मुसान राम, केश्वर राम सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद, अंबिका यादव, रामप्रीत ठाकुर, ईश्वरी सिंह के नाम शामिल हैं।

## दूसरे दलों को छोड़कर एक दर्जन से अधिक लोग झामुमो में हुए शामिल

**मेराल (आजाद सिपाही)।** भाजपा सहित अन्य दल को छोड़कर करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने झामुमो का दामन थामा। सभी को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने फूल माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में भाजपा के शंकर ठाकुर सहित एक दर्जन से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

## राहगीरों की सुविधा के लिए मंत्री ने किया प्याऊ का उद्घाटन

**मेराल (आजाद सिपाही)।** मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बस स्टैंड स्थित डंडई रोड में प्रखंड के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा गढ़वा के विधायक रहे यदुनंदन तिवारी की स्मृति में राहगीरों की सुविधा के लिए अपने निजी को से बनाए गए प्याऊ (पानी टंकी) का उद्घाटन कर आम जनों के लिए समर्पित किया। मेराल में आयोजित मेराल-अंबाखोरेया पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने इसका उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि आम जनों की सुविधा के लिए स्वतंत्रता सेनानी यदुनंदन तिवारी की स्मृति में इस प्याऊ का निर्माण कराया गया है। जिससे आम जनों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

**कार्यक्रम :** मंत्री ने किया 140 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास, कहा

# राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश कर रही है केंद्र सरकार

**देश का पहला राज्य है झारखंड जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 140 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सड़क की आधार शिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने पूजा अर्चना कर शिलापट्ट का अनावरण किया। 37 किलोमीटर लंबी मेराल से अम्बाखोरेया पथ का अवशेष कार्य का पुनर्निर्माण व चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज पूरे गढ़वा में चप्पे-चप्पे पर विकास की गंगा बह रही है। हमारी प्राथमिकता कार्य को बेहतर तरीके से पूर्ण कराना है। शिलान्यास और उद्घाटन तो महज जनता से मिलकर उन्हें जानकारी देने का मौका है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के माथे पर पिछड़ेपन एवं अविकसित जिला का लगा कलंक वर्ष 2024 तक समाप्त कर देंगे। गढ़वा सबसे विकसित एवं अग्रणी क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आएगा।

मंत्री ने कहा कि झारखंड के हेमंत सरकार मौजूद अपने संसाधन में गढ़वा जिला एवं पूरे पलामू प्रमंडल सहित संपूर्ण राज्य में काफी बेहतर विकास कार्य कर रही है। केंद्र सरकार झारखंड को बदनाम एवं परेशान करने का कोई कसर नहीं छोड़ रही है। राज्य की आठ लाख आवास योजना को केंद्र ने रोक दिया है। राज्य की गरीबों का केंद्र ने राशन बंद कर दिया। परंतु राज्य सरकार ने ग्रीन कार्ड बनाकर अपने पैसे से केंद्र से राशन खरीदने की पेशकश की। फिर भी राशन नहीं दिया गया। राज्य सरकार सभी हरा कार्ड धारियों को अब तक का पूरा जोड़ कर राशन देगी। आज झारखंड देश का पहला राज्य है जहां सर्वजनिक पेंशन योजना लागू की गई है। पेंशन में पहले कोटा होता था, परंतु आज राज्य सरकार सभी जरूरतमंद वृद्ध, विधवा एवं विकलांग को पेंशन दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि के पास काम करने की इच्छा शक्ति हो तो निश्चित रूप से क्षेत्र में विकास होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जब मैं विधायक नहीं था तब भी जनता की सेवा के लिए हमेशा खड़ा था और आज जनता ने जिम्मेवारी सौंपी है तो मैं दिन रात जनता के कार्यों में ही लगा रहता हूं। उन्होंने कहा कि यहां लोग अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए अलग-अलग पार्टियों से एक होकर मिथिलेश ठाकुर को बदनाम करने पर लगे हुए हैं। परंतु उनसे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि आज गढ़वा में जिस गति से गुणवत्ता के साथ विकास हो रहा है वैसा आज तक कभी नहीं हुआ था। अभी के किए गए कार्य आगामी 10-15 वर्षों तक कुछ नहीं होगा। जबकि पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों का आज कहीं कोई नामोनिशान तक नहीं है। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, ताहिर अंसारी आदि ने विचार व्यक्त किया।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, मुन्ना सिंह, दिलीप गुप्ता, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंत्री आवास पर होली मिलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भोजपुरी कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मंत्री ठकुर सहित उनकी पत्नी चंचल ठाकुर, रोजी ठाकुर एवं अन्य परिजनों ने कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जबकि मंत्री श्री ठाकुर की पत्नी चंचल ठाकुर ने उन्हें गढ़वा के लिए बेहतर विकास कार्य करने पर होली का टोपी पहना कर सम्मानित की। सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि होली आपसी भेदभाव भुलाकर गले लगाने एवं सभी को एक रंग में रंग जाने का त्यौहार है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाहर से आए भोजपुरी कलाकार हेमा पांडेय एंड ग्रुप ने एक से बढ़कर एक होली गीत एवं लोकगीत प्रस्तुत की। उपस्थित दर्शक दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। मंत्री ने कलाकार हेमा पांडेय के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने आज के परिवेश में बगैर फूहड़ता के अपना कार्यक्रम प्रस्तुत की। यह बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम ऐसे ही होने चाहिए जो सभी लोग अपने पूरे परिवार के साथ बैठकर आनंद ले सकें। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को होली एवं सबेबरात की शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश राय, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, अनिता दत्त, रेखा चौबे, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, मनोज झा, प्रियम सिंह, दिलीप गुप्ता आशीष अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# होली के दिन मारपीट की सूचना पर गयी पुलिस पर हुआ पथराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**दो चालक एवं उप मुखिया घायल, पुलिस वाहन हुआ क्षतिग्रस्त**

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र अंचला पंचायत के डुमरो गांव में मारपीट का हस्तक्षेप करने गई। पुलिस पर ग्रामीणों के द्वारा पथराव किए जाने से थाना के दो चालक सहित डूमरो गांव के उप मुखिया घायल हो गया है। घायल सदर थाना क्षेत्र के पेट्रोलिंग वाहन के चालक उपेंद्र शुक्ला, पीसीआर चालक वेदी पटवा व डूमरो गांव के उप मुखिया रामनाथ मेहता का नाम शामिल है। सभी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। मिली सूचना के अनुसार घटना संबंध में बताया गया कि होली पर्व को लेकर सभी लोग डूमरो गांव में डीजे के धुन पर नाच रहे थे। उसी बीच एक मोटरसाइकिल चालक को नाच रहे लोगों ने उसके साथ हाथापाई करने लगे। जिसके बाद डूमरो गांव के उप मुखिया रामनाथ मेहता बीच-बचाव करने पहुंचे। उसी दौरान वहां पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस को देखते ही उक्त लोगों ने मोटरसाइकिल चालक को छोड़कर उप मुखिया पर ही अपना भड़ास निकालने लगे। लोगों का कहना था कि उप मुखिया के द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया है। जिसके बाद पेट्रोलिंग कर रहे वहां टाइगर मोबाइल पुलिस पहुंची। पुलिस पहुंचने के बाद लोग और उग्र हो गए। जब टाइगर मोबाइल पुलिस से भीड़ नियंत्रण नहीं हुआ तो थाना को घटना की जानकारी दिया। जानकारी के बाद पीसीआर और गढ़वा थाना के पेट्रोलिंग वाहन घटनास्थल पर पहुंची। और लोगों को समझाने का प्रयास किया। जब लोग नहीं मानने लगे तो पुलिस कुछ लोग को झगड़ा करने के रूप में थाना वाहन पर बैठा रहे थे। जब तक पुलिस कुछ समझ पाती तब तक उग्र लोगों ने पत्थरबाजी करना शुरू कर दिया। इस दौरान थाना के दो चालक व डूमरो गांव के उप मुखिया घायल हो गए। साथ ही साथ उग्र लोगों ने गश्ती वाहन व पीसीआर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। पुलिस बल भारी पड़ते ही आक्रोशित लोग वहां से भाग खड़े हुए। सूचना मिलते ही एसडीपीओ अवध कुमार यादव, सदर थाना प्रभारी चंदन कुमार पहुंच कर मामले की छानबीन करना शुरू किया। इधर घटना के बाद पुलिस दर्जनों लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## नील गाय की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्री घायल


**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना मुख्यालय के नेनुआ मोड़ के समीप गुरुवार की शाम 4:45 बजे एक नील गाय की चपेट में आने से बाइक सवार पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायल पिता-पुत्री को मेराल सीएससी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। घायल की पहचान श्रवण कुमार (35) पिता गणेश राम एवं उसका 6 वर्षीय पुत्री श्रेया कुमारी के रूप में की गयी। जानकारी के अनुसार श्रवण अपने ससुराल बंशीधर नगर से अपनी पुत्री को लेकर बाइक से अपने घर रंका जा रहा था, इसी दौरान नेनुआ मोड़ के समीप नील गाय की चपेट में आ गया। नीलगाय भी मोटरसाइकिल के धक्के से घायल हो गयी। वह सड़क से कुछ दूरी पर जाकर गिर गयी, उसे देखने के लिए राहगीरों तथा आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ के जाने के करीब आधे घंटे के बाद नील गाय वहां से भाग गयी।

## होली पर्व पर दिखा लोगों में उमंग जमकर उड़े रंग, अबीर और गुलाल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय सहित प्रखंडों में रंगों का त्योहार होली उमंग में दिखा कहीं युवाओं की टोली एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते कपड़ा फाड़ होली का हुड़दंग मचाते दिखे तो कहीं लोग फाग गीत पर झूमते नजर आए।वही अहले सुबह वर्षा की फुहार होली के रंग में शीतलता प्रदान कर दिया । उसके बावजूद होली की उमंग पर इसका असर नहीं पड़ा ।सुबह से ही सड़कों पर बच्चे युवा होली का हुड़दंग मचाते दिखे। इस दौरान एक दूसरे को रंग गुलाल लगाने के साथ-साथ कपड़ा फाड़ होली का नजारा भी देखने को मिला ।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में फाग गीत पर लोग होली के रंग में नाचते थिरकते देखे गए ।चौतरफा होली के रंग में रंगीन लोग नजर आए। जिला मुख्यालय गढ़वा की हर गली सड़कों पर अपने अपने तरीके से युवाओं की टोली जगह जगह पर होली का जश्न मनाते दिखे। उसके बाद समय जैसे-जैसे ढलता गया लोग रंग को धो कर पुनः संध्या पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बड़ों से आशीर्वाद लिया तो वही गले मिलकर सभी को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीया।

## सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मण लाल गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चपरी निवासी सह सेवानिवृत शिक्षक लक्ष्मण लाल गुप्ता का निधन बुधवार की रात में हो गई। वें लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अंचल अध्यक्ष लक्ष्मण लाल गुप्ता कि निधन की खबर सुनकर झाप्राशि संघ के अंचल अध्यक्ष सुजीत कुमार, सचिव राकेश कुमार चौबे, जिला सचिव सतीश चौबे, राजीव रंजन द्विवेदी, राजकुमार प्रसाद, बृजमोहन पांडेय आदि ने मृतक के घर पहुंचे तथा पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर संवेदना व्यक्त किया। मौके पर शिक्षकों ने कहा कि स्व. लक्ष्मण लाल गुप्ता एक कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार छवि के शिक्षक के रूप से जाने जाते थे, उनकी निधन से शिक्षा के क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति पहुंची है। इसकी भरपाई कर पाना बहुत ही मुश्किल है। उनका दाह संस्कार राजदहवा नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया।

# होली में डीजे बजाने को लेकर पुलिस-पब्लिक में हुई झड़प के बाद कांडी बाजार के लोगों ने किया सड़क जाम

**प्रशासन एवं लोगों की आपसी समझौता के बाद पांच घंटे बाद समाप्त हुआ सड़क जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** थाना क्षेत्र के कांडी बाजार में बुधवार की देर शाम पुलिस व पब्लिक में हुई झड़प के बाद कांडी बाजार के लोगों ने गुरुवार की सुबह सड़क जाम कर दिया। गुरुवार की सुबह 6 बजे से किया गया सड़क जाम 5 घंटे बाद प्रशासन व लोगों की आपसी समझौता के बाद समाप्त हो गया। कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, सीओ अजय कुमार दास, कांडी थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार व बरडीहा थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय ने कांडी प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय, जिप सदस्य सुषमा कुमारी, कांडी पंचायत मुखिया विजय राम, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, युवा सामजसेवी विकास दुबे, युवा राजद के गढ़वा जिलाध्यक्ष विनीत कुमार व युवा संघर्ष सेना प्रमुख अनूप उपाध्याय के साथ-साथ सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पुलिस की पिटाई से घायल मिथिलेश कुमार का इलाज कराने के साथ-साथ होली के दिन घटी उक्त घटना के विरुद्ध आम जनता पर कोई भी कार्रवाई नहीं किए जाने के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हो गया। विदित हो कि होली के दिन यानी बुधवार की शाम डीजे बजाने को लेकर पुलिस व आम पब्लिक में झड़प हो गई थी। जिसमें मिथिलेश कुमार सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। उक्त झड़प में आम पब्लिक द्वारा भी कांडी थाना के एएसआई संजय राम व होमगार्ड योगेंद्र यादव को घायल कर दिया गया था जिससे दोनों को आंख में गंभीर चोटें आयी हैं। इसके साथ-साथ पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। पुलिस-प्रशासन व आम पब्लिक के आपसी समझौता के बाद 10 बजे जाम हटा लिया गया है तथा स्थिति सामान्य हो गई है।

इस अवसर पर विनोद चंद्रवंशी, दिनेश कुमार, जयप्रकाश सोनी,सुनील सोनी,सुनील प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, रामनाथ साह, तबरेज आलम व कुमार सोनी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, नौ को जेल

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करकोमा के टोला खुटैलिया में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्ष से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मारपीट के बाद दोनों पक्ष के लोग थाना पहुंचे। यहां से पुलिस के निगरानी में सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अनुसार जमीनी विवाद में मारपीट हुई है। दोनों पक्षों में बरसों से जमीन विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए एक पक्ष के 5 तथा दूसरे पक्ष के 4 लोगों को न्यायिक हिरासत गढ़वा में भेज दिया गया है। एक पक्ष के कासिम अंसारी पिता नाजिर अंसारी, नासिर अंसारी पिता स्व० मोहम्मदीन अंसारी, आबिद अंसारी पिता नाजिर अंसारी, महफूज अंसारी पिता इम्तियाज अंसारी तथा फिरोज अंसारी पिता इम्तियाज अंसारी शामिल है। दूसरे पक्ष से गुरुदेव विश्वकर्मा पिता राजनाथ विश्वकर्मा, बालनाथ विश्वकर्मा पिता स्व. वीरेंद्र विश्वकर्मा, मन्नू विश्वकर्मा पिता स्व. मुन्द्रिका तथा मंगलेश विश्वकर्मा पिता राजनाथ विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में शोक सभा आयोजित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में विद्यालय की शिक्षिका रिजवाना शाहिन के पिता हैदर खान एवं कल्पना द्विवेदी सह सरिता दुबे के श्वसुर के निधन पर विद्यालय परिवार ने एक शोकसभा आयोजित की जिसमें दो मिनट के मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों और परिवार के सदस्यों को इस दुःख की बेला में सहनशक्ति प्रदान के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।सभी उपस्थित लोगों ने परिवार के सदस्यों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। विद्यालय के निदेशक ने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन अमर नहीं होता, मृत्यु ही जीवन का सत्य है। शोक सभा व्यक्त करने में बीके ठाकुर, संतोष प्रसाद, नीरा शर्मा, नीलम केशरी, सुनीता कुमारी, सुषमा तिवारी, विनय दुबे,खुर्शीद अंसारी, मुकेश कुमार, शिवानी, उदय प्रकाश, कृपा शंकर सहित अन्य सभी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सेविका संघ ने मंत्री को सौंपा मांग पत्र



**मेराल (आजाद सिपाही)।** आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के जिलाध्यक्ष विभा रानी के नेतृत्व में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के मेराल आगमन पर 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने मौखिक आश्वासन देते हुए मांग पत्र पर जल्द पहल कराने की बात कही। मंत्री मेराल प्रखंड मुख्यालय में मेराल-अंबाखोरेया रोड के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। मांग पत्र में मेराल प्रखंड परिसर में सेविका- सहायिका संघ को कार्यक्रम करने के लिए अपने निजी कोष से भवन का निर्माण कराने, आंगनबाड़ी केंद्र पर खिचड़ी बनाने के लिए लकड़ी की जगह भरा हुआ गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, वर्ष 2018 से बकाया पोषाहार की राशि का भुगतान कराने, पोषाहार की राशि मार्केट दर पर उपलब्ध कराने, बच्चों को खिचड़ी खिलाने हेतु थाली, प्लेट, ग्लास, बर्तन, कुकर आदि की आपूर्ति कराने, विभाग द्वारा सुरक्षित तरीके से रेडी टू ईट पैकेट की आपूर्ति कराने के साथ-साथ निलंबित सेविका पार्वती को जल्द प्रभार दिलाने की मांग शामिल है।

**प्रदर्शन :** शव के साथ मृतक के परिजनों ने सेंट्रल बैंक के समक्ष दिया धरना

# समय पर जमा राशि नहीं दिये जाने का बैंक मैनेजर पर लगाया आरोप

**प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बैंक से मांगा एक करोड़ रुपये का हर्जाना**

**बैंक में रखा 10 लाख रुपया भी काम नहीं आया, पैसे के अभाव में हो गयी मरीज की मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के सकरकोनी गांव निवासी महबूब आलम खां की पिछले दिनों इलाज के दौरान रांची स्थित रिम्स हॉस्पिटल में मौत हो गई। गुरुवार को उनका शव मझिआंव लाया गया, जहां पर परिजनों ने मृतक के शव के साथ सेंट्रल बैंक के नीचे जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह एवं पूर्व बीपीओ डॉ मशरुर अहमद के नेतृत्व में धरना दिया। मृतक के पुत्र गुलाम सरवर ने आरोप लगाते हुए कहा कि 03मार्च को पिता जी के बेहोश होने पर वे दिन में 11बजे सेंट्रल बैंक गये लेकिन मैनेजर राजीव रंजन पटेल ने राशि देने से इनकार कर दिया. जबकि उनका इस बैंक में दस लाख रुपये जमा है. लेकिन मैनेजर राजीव रंजन पटेल द्वारा चेक के माध्यम से भी राशि नही दी गई और न पिता की राशि मेरे अकाउंट में ट्रांसफर किया गया और कहा कि आप लोग डालटनगंज जा रहे हैं, वहीं पर मरीज के अंगूठा निशान के माध्यम से राशि दे दी जायेगी। लेकिन वे नहीं आये। इसके बाद उन्हें फोन कर बताया गया कि रांची रेफर कर दिया गया है, तो उनके द्वारा कहा गया कि मरीज को रांची में ही रुपया मिल जायेगा। इसके बाद उन्हें लेक व्यू हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। लेकिन राशि के अभाव में दूसरे दिन ही हॉस्पिटल वालों ने उन्हें यह कहकर हटा दिया कि पहले राशि जमा कीजिये। इसके बाद ही ट्रीटमेंट किया जायेगा। पुनः मैनेजर को फोन पर स्थिति से अवगत कराया गया, और वे आकर राशि देने के लिए बोले लेकिन आये नहीं। उनके नहीं आने पर राशि के अभाव में उक्त हॉस्पिटल से निकालकर मरीज को रिम्स में ले गए जहां पर उनकी मौत हो गई। इधर आक्रोशित भीड़ ने बैंक मैनेजर के खिलाफ नारेबाजी भी की। मृतक के पुत्र ने कहा कि बैंक मैनेजर राजीव रंजन पटेल पर हत्या करने की सुनियोजित साजिश रचने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना

### छह मार्च को तीन मार्च का चेक लाये थे इस वजह से शंकावश राशि नहीं दी जा सकी : शाखा प्रबंधक

इस संबंध में शाखा प्रबंधक राजीव रंजन पटेल ने कहा कि मरीज के बेहोशी की हालत में लोग 03 मार्च को आये थे तो मैंने कहा कि इनके होश में आने के बाद आप बात करवा दीजियेगा हम अस्पताल में आकर राशि दे देंगे। लेकिन उनके द्वारा बात नहीं करवायी गयी और छह मार्च को तीन तारीख के डेट का चेक लेकर बैंक में आये, जबकि तीन तारीख को मरीज बेहोश था। जिसके कारण शंकावश राशि नहीं दी जा सकी। जिस दिन यानी 3 मार्च को वे मरीज को लाये थे, उसी समय चेक दे देते तो उन्हें राशि मिल जाती। लेकिन वे छह तारीख को तीन तारीख का चेक लेकर आये।

## बुनियादी सुविधाओं का इंतजार है कामडारा प्रखंड के रेड़वा पंचायत के सुदूरवर्ती गांवों को : जॉन टोपनो




**चुनाव में विधायक-सांसद के वादे किये जाने के बाद भी स्थिति बदहाल : मारवाड़ी विरहोर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राज्य बने 22 साल हो गये लेकिन झारखंड के कामडारा प्रखंड का रेड़वा पंचायत के सुदूरवर्ती गांव परही और अन्य गांव में अब भी बुनियादी सुविधाओं का ग्रामीण इंतजार कर रहे हैं। झारखंड के अलग राज्य बनने एक दशक से अधिक वक्त बीतने के बाद भी गांव की न तो तस्वीर बदली और न ही यहां बसे लोगों की तकदीर। ये नजारा जब मिशन बदलाव कामडारा प्रखंड टीम के लिए द्वारा अध्यक्ष की अगुवाई में विभिन्न गांवों का दौरा किया और गांवों की हकीकत एवं सच्चाई से अवगत हुए। मिशन बदलाव कामडारा प्रखंड अध्यक्ष मारवाड़ी विरहोर और सचिव जॉन टोपनो ने कहा कि राज्य बना तो गांव में बसे आदिम जनजातियों एवं आदिवासी समुदाय के लोगों ने सोचा था कि अब इलाके का तेजी से विकास होगा। लेकिन उनका ये सपना सपना ही रह गया।

मिशन बदलाव सलाहकार समिति सदस्य जेम्श होरो, सिकनदर सिह अनूप टोपनो ने कहा कि रेड़वा पंचायत के तहत आने वाले पारधी गावं के सड़क, बिजली, पानी, जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीना पड़ रहा है। अगर गांव में कोई गंभीर रूप से बीमार पड़ जाता है तो मरीज भगवान भरोसे ही जिंदा है। आज के महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मरियम मुंडेडन, युइजन इंदवार, नूतन बरला एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## चैती दुर्गा पूजा समिति के होली मिलन समारोह में उड़े रंग गुलाल, लिया गया ठंडई का आनंद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैती दुर्गा पूजा समिति का होली मिलन समारोह स्थानीय हिंदुस्तान टावर मैन रोड गुमला में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। गुमला के सभी भिन्न-भिन्न संस्थाओं के प्रबुद्ध जन उक्त स्थान पर आकर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिले एवं शुभकामनाएं दी। ठंडाई का भी आनंद लिया। सभी सदस्य होली के गीतों पर दिनभर झूमते गाते रहे, कभी मेन रोड गुमला में होली के दिनों में सन्नाटा रहता था, परंतु चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष इस तरह का आयोजन कर मेन रोड को गुलजार कर दिया जाता है एवं मेन रोड का उत्साह देखते ही बनता है। इस सौहार्दपूर्ण वातावरण में लोग झूमने को विवश हो जाते हैं। इस उत्सव में अध्यक्ष सुरेश मंत्री, सचिव सरजू प्रसाद साहू, पूर्व अध्यक्ष संजीव उर्वशी, किशोर फोगला, पवन अग्रवाल, दामोदर कसेरा, निर्मल गोयल, रितेश कुमार, राजीव कुमार, निर्मल अग्रवाल, शिव गुप्ता, विजय सोनी, संजय कुमार, रंजन सोनी, शंभू नारायण चौरसिया, शंकर जाजोदिया आदि उपस्थित थे।

## पत्नी के दिल्ली चले जाने के वियोग में पंडरिया निवासी पति ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला प्रखंड स्थित पंडरिया गांव निवासी 35 वर्षीय सुखदेव खड़िया पीता फुकलु खड़िया ने मंगलवार की दोपहर थाईमेट का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक की खराब होती स्थिति को देखकर परिजन तत्काल उसे लेकर सदर अस्पताल आये जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक की पत्नी एक माह पूर्व पति के शराब पीकर बराबर मारपीट करते रहने के कारण अपने बेटे को आवासीय विद्यालय में नामांकन करा कर काम करने दिल्ली चली गई। जिसके एक सप्ताह के बाद युवक ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। ठीक होने के बाद वह लगातार शराब का सेवन करते रहा और मंगलवार की दोपहर पुनः थाइमेट का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसे परिजनों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## अंधविश्वास में अंबवा के बीमार महिला को सदर अस्पताल में ही झाड़-फूंक करवाने लगे परिजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंबवा निवासी बीमार महिला तरन्नुम प्रवीण के परिजन सदर अस्पताल में ही महिला का ओझा मती को बुलाकर इलाज कराने लगे। जिसके बाद मौजूद कर्मचारियों और गार्ड ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। जिसके बाद वे लोग सदर अस्पताल के बाहर चले गए और महिला का झाड़-फूंक से इलाज करवाने लगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महिला को मंगलवार की पूर्वाह्न सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। उसे जोंडिस बुखार है। इलाज कराने के क्रम में ही शाम 4:00 बजे बाहर से महिला ओझा मति को बुलाकर उसका इलाज कराया जा रहा था। वहां मौजूद चिकित्सकों के मना करने पर उन्होंने अस्पताल में इलाज कराने से मना कर दिया। वहीं बातचीत करने पर महिला ओझा ने बताया कि मैं जौंडिस बीमारी से ग्रसित कई लोगों को ठीक कर चुकी हूं। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी अंधविश्वास में जी रहे हैं उन्हें वैज्ञानिक चिकित्सा से ज्यादा झाड़-फूंक में विश्वास है।

**बैठक : नप ने इस वर्ष सैरातों से एक करोड़ रुपये से अधिक राजस्व प्राप्ति का रखा लक्ष्य**

# 20 मार्च को होगी शहर की छह सैरातों के लिए खुली डाक

**बाजार टांड़ सैरात की निर्धारित राशि की गयी दुगुनी**

**बस स्टैंड वाहन पड़ाव के लिए 49.11 लाख रु. है न्यूनतम राशि**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने गुरुवार को अपनी संबंधित राजस्व टीम के साथ बैठक की। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए शहर की विभिन्न सैरातों के लिए इसी माह होने जा रही खुली डाक के आयोजन को लेकर विभिन्न निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों शहरी क्षेत्र में विभिन्न सैरातों यथा बस पड़ाव, बाजार टांड (गुमला हाट), टंगरा मार्केट, पालकोट रोड, सिसई रोड वाहन पड़ाव एवं शहर भर में विज्ञापन अधिकार हेतु सार्वजनिक बंदोबस्ती सूचना प्रकाशित की गई है। जिसके लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तिथि 18 मार्च निर्धारित है, जबकि 20 मार्च को खुली डाक का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष उन्हें उम्मीद है कि शहर की सैरातों से नगर परिषद को कम से कम एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्राप्त होगी।

उन्होंने बताया है कि बस स्टैंड के लिए न्यूनतम सुरक्षित राशि 49,11,731 रुपए है जबकि बाजार टांड़ (गुमला हाट) के लिए 20 लाख रुपए न्यूनतम राशि तय की गई है। बताया कि नगर परिषद उक्त राजस्व स्रोतों से प्राप्त राशि के द्वारा शहर में विकास कार्यों के अलावा अपनी दैनंदिन जरूरतों को पूरा करता है।

बैठक के दौरान नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, कर दरोगा बृजेश कुमार, कर दरोगा रविंद्र गोप, लेखापाल अरशद अली, रवि महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## टीबी उन्मूलन का कार्य में योगदान दे रहे हैं एनसीसी कैडेट

**जिला यक्ष्मा केंद्र गुमला की ओर से चैनपुर प्रखंड में टीबी उन्मूलन के लिए चलाया जा रहा है व्यापक जागरूकता अभियान**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अनुशासन एवं सेवा के संकल्प के साथ चैनपुर प्रखंड में एनसीसी द्वारा टीबी उन्मूलन का कार्य में अपना योगदान दिया जा रहा है। जिला यक्ष्मा केंद्र गुमला के द्वारा चैनपुर प्रखंड में टीबी उन्मूलन के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत समाज के सभी वर्गों के लोगों का सहयोग लिया जा रहा है ताकि क्षेत्र से टीबी जैसी संक्रामक बीमारी का समूल नष्ट किया जा सके। इसके तहत स्कूली बच्चों के बीच भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस कड़ी में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन के साथ-साथ वैसे स्कूली छात्र जो एनसीसी कैडेट हैं वे गांव-समाज के बीच जाकर जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। टीबी उन्मूलन अभियान के तहत दो हफ्ता से अधिक खांसी वाले रोगियों को निःशुल्क बलगम जांच के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जांच के बाद यदि किन्ही को टीबी बीमारी चिन्हित होती है तो सरकारी व्यवस्था में इसका समुचित इलाज एवं दवा निशुल्क है। घर घर जाकर जागरूकता फैला रहे एनसीसी कैडेट्स लोगों को बता रहे हैं कि टीबी बीमारी के मरीजों को पोषाहार योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि भी मिलती है। टीबी बीमारी वाले मरीज को दवा खिलाने वाले सहिया या प्रोवाइडर को भी प्रोत्साहन राशि का प्रावधान है। जागरूकता अभियान में शामिल एनसीसी कैडेट ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन एवं सेवा उनका लक्ष्य है और इस दौरान अपने क्षेत्र से टीबी उन्मूलन के दिशा में वे प्रयासरत हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प के तहत टीबी हारेगा और देश जीतेगा के नारे के साथ इस दिशा में व्यापक अभियान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ गणेश राम के नेतृत्व में पूरे जिले में चलाई जा रही है। चैनपुर प्रखंड में व्यापक रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम की देखरेख एस.टी.एल.एस., एस.टी.एस. एवं टीबी चैंपियन के द्वारा किया जा रहा है ताकि टीवी उन्मूलन की दिशा में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हो सके।

## महिला दिवस पर झानद महिला मंडल के प्रभारी ने मुख्यमंत्री को भेजा आग्रह पत्र

**झानद ने राज्य में 8 मार्च से नारी जागरूकता अभियान शुरू किया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति के प्रभारी पुष्पा उरांव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं पर हो रहे अत्याचार रोकने व हक के लिए होली की मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री के व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से आग्रह-पत्र भेजा है।

विदित हो कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को होली होने के कारण कोई बड़ा कार्यक्रम तो समिति द्वारा नहीं किया गया लेकिन, राज्य में महिला दिवस 8 मार्च 2023 से नारी जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। अलग राज्य के इन 22 वर्षों में महिला व स्कूली बच्चियों पर एक तरफ अत्याचार, उत्पीड़न बढ़ी हैं वही रोजी-रोटी के लिए इस रत्नगर्भा झारखंड राज्य से बड़ी संख्या में पलायन के साथ-साथ मानव तस्करी का भी दंश महिलाएं झेल रही हैं। इज्जत व जान की रक्षा की गारंटी तथा महिला मंडल को लोन में फंसा कर राज्य में चल रही सूदखोरी को रोकने और महिला मंडल के सदस्यों को सिर्फ ट्रेनिंग नहीं बल्कि रोजगार देने की गारंटी जैसे सवालों को लेकर आग्रह पत्र मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया है।

आग्रह पत्र में मुख्य रूप से महिला व स्कूली बच्चियों की इज्जत व जान की सुरक्षा की गारंटी करने, राज्य में स्पष्ट महिला नीति बनाने, राज्य में गठित सभी महिला मंडल को सरकारी मान्यता देने, महिला सशक्तिकरण के नाम पर मची लूट तथा महिला हित की योजनाओं में जे.एस.एल.पी.एस व प्रदान जैसी संस्था द्वारा की जा रही गड़बड़ी की जांचोपरांत विधि सम्मत कार्रवाई करने, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ करने, स्वरोजगार के लिए प्रत्येक महिला सदस्य को कम से कम 25-25 हजार रुपए अनुदान राशि देने, क्षेत्रीय महिला सहायता बैंक खोलकर 1% ब्याज व 25% सब्सिडी वाला लोन योजना व्यवसाय व अन्य कार्य के लिए महिलाओं को देने, महिलाओं द्वारा उत्पादित सामान के लिए बाजार मुहैया कराने तथा रसोईया संयोजिका, आंगनबाड़ी कर्मी, सहिया, पारा शिक्षक और मानदेय व अनुबंध पर कार्यरत सभी कर्मियों की मांगों को पूर्ण करने सहित तीन सूत्रीय मांग-पत्र शामिल है। महिला मंडल सहयोग संचालन समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी जागरूकता अभियान के तहत राज्य भर में महिला अत्याचार को रोकने व हक के लिए आंदोलन की भी रणनीति बनाई गई है, जिसके तहत प्रखंड व जिला सम्मेलन करते हुए मुख्यमंत्री का घेराव किया जाना है। आगामी 8 मार्च 2024 को रांची में झारखंड स्तरीय महिला मंडल का महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें एक तरह से महिला मंडल के द्वारा बढ़ते महिला अत्याचार व हक अधिकार की लूट के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन भी किया जाएगा।

**शब ए बारात : रात भर जाग कर इस्लाम धर्मावलंबियों ने की नफिल इबादत**

# अपने किये गये गुनाहों से माफी और तौबा की रात है शब ए बारात : इब्राहिम रब्बानी

**शब ए बारात में मस्जिदों के मीनार और गुंबद पर लाइटों की सजावट देखते बन रही थी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शब ए बारात यानि निजात वाली रात। इस रात, अल्लाह अपने गुनहगार बंदों को गुनाहों से माफी देता है। इसलिए आज की रात अल्लाह के बंदों चाहिए कि अधिक से अधिक इबादत करे और अल्लाह से अपने किए गए गुनाहों से माफी मांगे। उक्त बातें मौलाना इब्राहिम रब्बानी ने शबे बारात के मौके पर कही। शबे बारात को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने खूब तैयारियां की थी। अपने-अपने घरों में साफ सफाई के साथ-साथ मस्जिदों व कब्रिस्तान की भी साफ सफाई की गई। मस्जिदों को कुमकुमों से आकर्षक तरीके से सजाया गया था। मस्जिद के मीनार और गुंबद पर लाइटों की सजावट देखते बन रही थी। मस्जिदों के मेंबर और वजू खानों में भी रोशनी का पूरा इंतजाम किया गया था। लोगों ने जाग कर अल्लाह की इबादत में रात गुजारी।

हालांकि मगरिब की नमाज के बाद से ही लोगों ने नफिल नमाज अदा करनी शुरू कर दी थी,लेकिन ईशा की नमाज के बाद मस्जिदों में इबादत करने वाले मुसलिम समुदाय के लोगों की काफी भीड़ देखी गई। रात भर लोगों ने नाफिल नमाजे और नफली इबादतें की। रात भर मुस्लिम धर्मावलंबियों का कब्रिस्तान में आना-जाना लगा रहा कब्रिस्तान को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया था। साथ ही रोशनी का पूरा इंतजाम कब्रिस्तान में किया गया था। कब्रस्तान में लोगों ने अपने पूर्वजों की बखशिश के लिए दुआएं की। घरों में फातिहा ख्वानी की गई। अपने अपने पूर्वजों के नाम मगफिरत की दुआ की गई। फज्र नमाज के बाद सामूहिक रूप से हजरत मोहम्मद पर सलाम का नजराना पेश किया गया। शबे बरात के दूसरे दिन लोगों ने रोजे रखे। दिन भर के उपवास के बाद मगरिब की नमाज के समय इफ्तार का आयोजन किया गया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बिशुनपुर प्रखंड में पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया होली का त्योहार

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** रंगों का त्योहार होली बिशुनपुर प्रखंड में पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। इस निमित्त मंगलवार को बिशुनपुर प्रखंड के सभी गांव में विधिवत होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन रात के 8:00 बजे किया गया। जबकि बिशुनपुर स्थिति कार्तिक उरांव चौक के समीप राज्यसभा सांसद समीर उरांव के नेतृत्व में होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर समीर उरांव ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि होली हम सभी लोगों के लिए नववर्ष का त्योहार है और होलिका दहन पुराने वर्ष का अंतिम दिन। इस दिन हम लोग होलिका दहन कर अपने सभी गंदे विचारों एवं आपसी मतभेद को जला कर सुबह पूरे भाई चारे के साथ हम लोग धूमधाम से रंग अबीर एवं गुलाल लगाकर पूरे प्रखंड में होली का त्यौहार मनाया जाएगा। वहीं बुधवार को बिशनपुर में पूरे धूमधाम के साथ सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग अबीर एवं गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी।

## भरनो प्रखंड में धूमधाम से मना होली का पर्व

**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो प्रखंड में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष में शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाया गया। प्रखंड में होली पर्व को लेकर बच्चे बड़े काफी उत्साहित थे। साथ ही गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को रंग लगाया। होली में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुबह से ही भरनो पुलिस ने चौक चौराहों पर गश्ती की। कहीं से भी किसी तरह की अप्रिय घटनाओं की सूचना नहीं मिली। पूरे प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाई गयी।

## हापामुनी मंदिर में डोल पूजा की गयी

घाघरा (आजाद सिपाही)। होली के शुभ अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के हापामुनी मंदिर में डोल पूजा अर्चना की गयी। हापामुनी मंदिर में होली के दिन मां महामाया, कृष्ण जी, विष्णु जी की मूर्ति को निकालकर बाहर में एक पूजा अर्चना करने की परंपरा है। जो कि पिछले सैकड़ों वर्षों से लगातार चली आ रही है। पुजारी ब्रजेश पाठक ने इस संबंध में बताया कि होली के दिन गांव में रंगों की शुरुआत महामाया मंदिर में डोल पूजा के बाद ही होती है। वर्षों से होली के दिन सभी मूर्तियों को मंदिर से बाहर रखकर विधिवत पूजा-अर्चना करके पुनः मंदिर के अंदर स्थापित किया जाता है। जिसके बाद गांव के लोग होली में रंग खेलने का काम शुरू करते हैं। डोल पूजा के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर मुकुंद मनी पाठक, हेमंत मनी पाठक, नीलेश मनी पाठक, पुरुषोत्तम मनी पाठक, भुवन मनी पाठक, प्रदीप मनी पाठक, राजेश मणि पाठक, शैलेश मनी पाठक, मुकेश मनी पाठक, मिथिलेश मनी पाठक, देवमणि पाठक, उप मुखिया अजीत मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, संजेश उरांव, संजय ठाकुर, दिलीप उरांव, काला महली, फूटू महली, राम कुमार भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

## पालकोट प्रखंड क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मना होली का पर्व

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में होली धूमधाम से मनाया गया। हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाया गया। होली के अवसर पर बच्चे-बड़े सभी लोग उत्साहित थे। सभी ने गीले शिकवे भूलकर एक-दूसरे को रंग लगाया। होली को सौहार्दपूर्ण मनाने के लिये सेंटर फॉर कैटलॉजिंग चेंज द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत बैनर पोस्टर के माध्यम से होली में छेड़छाड़, गाली गलौज, भद्दे मजाक न करें इसके लिये होली जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। सहमति पर रंग लगायें और सौहार्द पूर्ण होली मनायें। होली में शांति व्यवस्था के लिए पालकोट पुलिस दो दिन पूर्व से ही चौक चौराहों में गश्ती कर रही थी।

## वज्रपात से ग्रामीण की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नगर चडरी टोली गांव निवासी घनश्याम उरांव (55) की बुधवार सुबह वाज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घनश्याम उरांव बुधवार को सुबह बकरी चराने के लिए गांव से कुछ दूर टोंगरी की तरफ गया था। इसी दौरान अचानक वज्रपात हुई, जिसमें घनश्याम उरांव वज्रपात की चपेट में आ गया। कुछ दूरी पर अन्य ग्रामीण भी मवेशी चरा रहे थे, जिन्होंने इसकी सूचना गांव वालों की दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीणों के सहयोग से उसे रेफरल अस्पताल सिसई लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में मृतक के पुत्र वासुदेव उरांव सिसई थाना में यूडी केस दर्ज कराया है।

## नदी में गिरने से बाइक सवार तीन युवक घायल, एक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** किरतो से गुमला आ रहे एक ही बाइक में सवार चार युवक अनियंत्रित होकर सीलम ढलान स्थित नदी में जा गिरे। जिसके बाद तीन युवकों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं एक युवक घटनास्थल से भाग गया। वहीं अस्पताल में इलाज के क्रम में एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चैनपुर प्रखंड के कुरु बारीडीह तबेला निवासी 20 वर्षीय विशाल उरांव, 20 वर्षीय मनोज मुंडा पिता फागु मुंडा, 28 वर्षीय नेम मुंडा और किरतो बेंदोरा निवासी राजू नामक चार युवक एक ही बाइक से किरतो से गुमला आ रहे थे, तभी सीलम ढलान के पास मोड़ में बाइक अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। घटना बुधवार दिन 2:00 बजे की है। घटना के बाद तीन युवकों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने कुरू बारीडीह निवासी मनोज मुंडा को मृत घोषित कर दिया। वहीं नेम मुंडा को हल्की चोट आयी थी जिसे इलाज के बाद छुट्टी कर दिया गया। विशाल उरांव का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं मनोज मुंडा के शव को बुधवार देर शाम पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## अंग्रेजी शराब दुकान में अधिक कीमत लिये जाने को लेकर ग्राहकों ने किया हंगामा

**सिसई (आजाद सिपाही)।** अंग्रेजी शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर शराब बिक्री करने को लेकर ग्राहकों ने मंगलवार शाम को जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। पुलिस के हस्तक्षेप के बावजूद भी दुकानदार प्रिंट रेट में शराब बेचने के लिए तैयार नहीं हुआ। मजबूरन ग्राहकों को उंची कीमत में शराब खरीदना पड़ा। ग्राहकों ने कहा कि सिसई प्रखण्ड के एकमात्र सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में ग्राहकों को प्रिंट रेट पर शराब नहीं मिलती है। ग्राहकों से 40 से 70 रुपया तक अधिक कीमत वसूली जाती है। प्रिंट रेट से अधिक कीमत लिये जाने को लेकर शराब दुकान में आये दिन झंझट होते रहता है। वहीं एक ओर महुआ शराब के विरूद्ध प्रशासन लगातार छापेमारी कर गरीब महिलाओं को तो जेल भेज देता है, परंतु सरकारी शराब दुकान का निरीक्षण करने कोई अधिकारी नहीं पहुंचते हैं। दुकान में शराब की कीमत संबंधित कोई साइन बोर्ड नहीं लगाया है और ना ही दुकानदार के द्वारा ग्राहकों को रसीद दी जाती है। इसके अलावा भी भारी मात्रा में दुकानदारों के द्वारा कमीशन पर फुटकर विक्रेताओं को शराब मुहैया करायी जाती है। ग्राहकों का कहना है कि हम पब्लिक लोग शिकायत करें भी तो किससे करें। जब पुलिस व मीडिया के सामने दर्जनों ग्राहकों की गवाही देने के बावजूद दुकानदार पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। कई ग्राहकों के शिकायत करने पर भी प्रशासन ने चुप्पी साध ली है और दुकानदार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती है।

### हुसैनाबाद की घटना, होली में लौटा था अपने घर, वहीं जाहर खाया

# बड़े भाई की साली से विवाह नहीं कर पाने से हताश युवक ने की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अपने बड़े भाई की साली से विवाह कर पाने में असफल एक युवक द्वारा जहर खाकर खुदकुशी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृ२तक की पहचान अजीत कुमार (21) के रूप में की गई है। उसने होलिका दहन की शाम घर में ही जहर खा लिया था। जानकारी के मुताबिक कचरा गांव निवासी



लक्ष्मण राम के बेटे अजीत कुमार का अपने भाई की साली से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों एक दूसरे से शादी करने के लिए भी तैयार था। लेकिन लड़के के परिजन इस शादी के लिए राजी नहीं हो रहे थे। काफी मान मनव्वल के बावजूद अजीत अपने परिवार के सदस्यों को प्रेमिका से शादी करने के लिए मना नहीं पा रहा था। पता चला है कि अजीत कहीं बाहर काम करता है। होली त्योहार के चलते घर आया हुआ था। वहीं किसी को कुछ बताएं उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी स्थिति गंभीर होती देख परिजन उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे दिन पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। लगे हाथ घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर जगरनाथ धान भी प्रेम प्रसंग मान रहे हैं।

## मंदिर निर्माण में सहयोग करेगी राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पाटन प्रखंड के ग्राम कांकेकला में हो रहे माता रानी के मंदिर निर्माण में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी सहयोग करेगी। गुरुवार को युवा वाहिनी का प्रतिनिधि मंडल कांकेकला में निमार्णाधीन मंदिर का निरीक्षण करने पहुंचा। युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) के नेतृत्व में गई युवा वाहिनी द्वारा आश्वस्त किया गया कि युवा वाहिनी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा तक सहयोग के लिए तैयार रहेगी। युवा वाहिनी मंदिरों के संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। इसके लिए पलामू प्रमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया जा रहा है। इसके पूर्व कांकेकला मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का भव्य स्वागत किया। कांकेकला में निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में संरक्षक अर्जुन पांडेय के नेतृत्व में पहुंची टीम में प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन तिवारी, अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष तिवारी, पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, चंदन तिवारी, राकेश पांडेय, लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे व उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी शामिल थे। वहीं, ग्रामीणों ने युवा वाहिनी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## ग्रामीणों ने किया हकीम मस्तान बाबा को हज के लिए रवाना

**हरिहरगंज/पलामू। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेमरवार गांव से ग्रामीणों ने हकीम मस्तान बाबा को बुधवार को हज यात्रा के लिए रवाना किया। मुखिया जितेंद्र पासवान के साथ दर्जनों ग्रामीणों ने उन्हें माला पहनाकर विदा किया। साथ ही पवित्र स्थल से हरिहरगंज प्रखंड के लिए अमन चैन की दुआएं अल्लाह से मांगने की गुजारिश की। वहीं हकीम मस्तान बाबा ने कहा कि अल्ला तआला का अपने बंदों पर खास रहम है। हम फरियाद करेंगे कि क्षेत्र वासियों को अमन चैन के साथ लोगों को बरक्कत दें। पूर्व जीप प्रत्याशी राणा पासवान, प्रमोद पासवान आदि मौजूद थे।**

## पुलिस को देख बाइक छोड़कर फरार हुआ शराब तस्कर

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना के समीप गुरुवार को पुलिस गस्ती दल को देखकर शराब तस्कर बाइक पर लदा शराब छोड़कर फरार हो गया। वह बिना नंबरकी बाइक से शराब तस्करी की कोशिश कर रहा था। तभी रियाज गैरेज के पास पुलिस के वाहन को देखकर सड़क पर ही गाड़ी व शराब छोड़कर फरार हो गया। भागने के दौरान शराब तस्कर का मोबाइल फोन भी गिर गया। जिसे देख कुछ स्थानीय लोग वहां पर जुट गए और खुलेआम शराब बिक्री के लिए ले जा रहे बाइक, मोबाइल और शराब पुलिस को सौंप दिया। वहीं खुलेआम शराब के धंधा होने से पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाने



लगे हैं। लोगों का आरोप है कि दिन के उजाले में भी शराब का खुलेआम धंधा किया जा रहा है, तो रात के अंधेरे में क्या होता होगा। उधर, मौके से शराब, मोबाइल व बाइक को जब्त कर पुलिस थाने ले गयी। घटना की जानकारी मिलने पर प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार, एसआई अनूप कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने कहा कि शराब धंधेबाज की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

# एसडीओ व एसडीपीओ के होली मिलन समारोह में खूब उड़े गुलाल

**हुसैनाबाद में शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में होली त्योहार सपंन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र में रंगोत्सव का पर्व होली धूम-धाम के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। क्षेत्र के कई स्थानों पर पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ होली गायन का आयोजन हुआ। बच्चे एवं युवा एक टोली बनाकर फगुआ के गीतों पर झुमते और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगते नजर आए। हुसैनाबाद के पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व नपं अध्यक्ष उषा देवी, कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी आदि ने अपने आवासीय परिसर में होली के दिन क्षेत्रीय लोगों के साथ होली खेली और क्षेत्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, एसडीपीओ पूज्य प्रकाश, थाना प्रभारी जगरनाथ धान की ओर से शहर के चौक-चौराहों पर



पुलिस बल की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। जिस कारण रंगोत्सव का पर्व होली शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। दूसरी ओर, हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण व एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने बुधवार को अपने आवासीय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष टुटू सिंह, कांग्रेस के वरीय नेता हसनैन जैदी, बसपा नेता शेर अली, प्रगतिशील पत्रकार मंच के अध्यक्ष नौशाद, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ एजाज आलम, 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, चंदन सिंह, अब्बास कादरी, भाजपा नेता प्रेमतोष सिंह, अविनाश कश्यप, अनुज कुमार सिंह, बीडीओ रतन कुमार, सीओ नंद कुमार राम, डीएसपी रीडर अशोक कुमार, थाना प्रभारी जगरनाथ धान, देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम, दंगवार ओपी प्रभारी चंदन कुमार, हवलदार मंजुर आदि उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने कहा कि होली हमारी संस्कृति एवं सभ्यता को दर्शाने वाला त्योहार है। होली में हम सब पुरानी रंजिशों को भुलाकर एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर संस्कृति को बरकरार रखते हैं।

## पूर्व मुखिया का निधन, शोक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड के महुअरी सबानो पंचायत के पूर्व मुखिया जगदीश प्रसाद सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। वे 95 साल के थे। उनका निधन पैतृक गांव महुअरी में हुआ। वह लंगे समय से बीमार चल रहे थे। बुधवार को अंतिम संस्कार देवरी के सोन नदी तट स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र पंचायत समिति सदस्य बद्री नरायण सिंह ने दी। विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव व कुशवाहा शिवपूजन मेहता आदि ने शोक प्रकट किया।**

## ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र पर महिला दिवस एवं होली पर कार्यक्रम आयोजित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय मधुशाला रोड स्थित



सद्भावना भवन सेवा केंद्र पर महिला दिवस एवं होली पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, भाजपा सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल और संगीतवादक रूपेश मिश्रा, तबला वादक प्रियांशु मिश्रा ने शिरकत किया। मंच संचालन बीके नीरज ने की। सेवा केंद्र की संचालिका बीके नीलम ने होली और महिला दिवस के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला। वहीं बीके नम्रता ने उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएं दी। कहा कि हर कर्म शिव की याद में करें तो घर में शांति और सुकून आयेगा। महिला अपने आप में ही एक शक्ति है। जिसका रूप भले एक है, लेकिन भूमिकाएं अनेक हैं। महिलाएं खुद को कभी कमजोर न समझें। आप शक्ति हो और शक्ति को अगर शिव से जोड़ दिया जाए तो शिव शक्ति बन जाती है। वहीं पूर्व विधायक संजय सिंह यादव ने संस्था के कार्यों को सराहा और सबको ब्रह्माकुमारीज से प्रेरणा लेकर सेवा भाव अपनाने को कहा। नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि जब तक, बुराई को भस्म नहीं किया है तब तक अच्छाई का रंग चढ़ नहीं सकता है। बीके नीरज ने कहा कि आज सारा विश्व दुःख की होली खेल रहा है। उसका असली रंग ज्ञान, शांति, प्रेम, सुख, पवित्रता, शक्ति, आनंद है वह छिप गया है। यह आत्मिक रंग एक परमात्मा के सत्संग से प्राप्त होती है। इस मौके पर बीके धीरज, बीके रामनरेश यादव, बीके कृष्णा, शोभा माता, कुशुम माता, आनंद किशोर भगत, मनोज भगत, बीके कुणाल व नमन शिव नारायण संस्था से जुडी महिलाएं आदि उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह में खूब उड़े अबीर-गुलाल

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पंपूकल के समीप मंगल मैरज हॉल परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका



उद्घाटन मुख्य अतिथि मेदिनीनगर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व नप उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि होली पर्व में जो संदेश छिपा है, उसे हम सभी को आत्मसात करने की जरूरत है। होली प्रेम, भाईचारा और उल्लास का त्योहार है। हम सभी को संकल्प ले कर पीडित, वंचित और उपेक्षित लोगों के जीवन में रंग भरना चाहिए। यदि समाज के प्रत्येक सामर्थ्यवान व्यक्ति अपने सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदो की मदद करेगें तो सभी के जीवन में न सिर्फ खुशियां होगी, बल्कि समाज में समाजिक भाईचारा और उल्लास का वातावरण निरंतर कायम रहेगा। हम सभी को होली के असली मर्म को समझते हुए समाज में प्रेम और भाईचारा का वातावरण कायम करने के लिए सक्रियता के साथ कार्य करना चाहिए। इस मौके पर सभी को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकामना दी गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर मंगल मैरज हॉल के मालिक रोहित पाण्डेय, सिन्टू सिंह, रजनीश सिंह, मिनी सिंह, संदीप सोनी, लड्डू सिंह, गोपाल त्रिपाठी, दिनेश सिंह, राहुल सिंह, अनूप सिंह, उत्तम सिंह, माखो राम, गोरख तिवारी, कोमल कुमार अंकू, कृष्णा, विक्की, पारस विश्वकर्मा, बंटू तिवारी, पिंकू तिवारी, मनीष सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## होली मिलन समारोह में शामिल हुए पांकी विधायक

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। पाकी विधानसभा के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने सेरनदाग शिव मंदिर प्रांगण में



आयोजित होली मिलन समारोह सह यादव महासभा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिसका आयोजन सेरनदाग निवासी बनौधी यादव ने किया था। डॉ शशिभूषण ने कहा कि यह काफी रमणीक स्थान है लेकिन यहां आने-जाने के लिए सड़क नहीं है। आयोजन कमेटी योजना बनाकर हमसे मिले मैं सड़क बनाने में पूरी मदद करूंगा। साथ ही कमेटी को 10 हजार रुपए नगद सहयोग करते हुए एक चापाकल शिव मंदिर के प्रांगण में लगाने की भी घोषणा की। वहीं विधायक प्रतिनिधि लालू प्रसाद यादव ने कहा कि पिछले विधायक द्वारा यहां की जनता को छला गया है। हमारे विधायक आपकी उम्मीद पर खरा उतरेंगे। अबकी बार डेढ़ लाख पार के नारे के साथ कहा कि वर्तमान विधायक हमेशा अपने क्षेत्र के लोगों के बीच में रहते हैं और उनकी समस्याओं का निदान करने की कोशिश करते हैं। कार्यक्रम से पहले सतबरवा जिला परिषद सुधा कुमारी के आवास पर विधायक ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी।

### दक्षिण भारत के 15 दिवसीय कार्यक्रम का ऊंटी में हुआ समापन, दुनिया को दिया पर्वत व प्रकृति को बचाने का संदेश

# पर्वत और प्रकृति बचेंगे तभी होगी जीवों का रक्षा : कौशल व पूनम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** तमिलनाडू के कोयंबटूर जिले और नीलगिरी के ऐतिहासिक पर्वतों ऊटी, पैनीफौल, तोरोपली, गुडलुर एवं बंदी पुरम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल, कर्नाटक के प्रदेश सचिव अंजू बंसल,तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष सोंडी विगरम व सचिव सनी कच्छ, आंध्र प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर के साथ पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर



दुनियां को पर्वत और प्रकृति बचाने का संदेश दिया। वहीं दक्षिण भारत के 15 दिवसीय कार्यक्रम का समापन होली से एक दिन पहले किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म की 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म को अपनाने की अपील की। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने बताया कि नीलगिरी पर्वत को साउथ का हिमालय माना जाता है। फर्क बस इतना है कि हिमालय क्षेत्र में सेव (फल) अधिक मिलता है। और वहां का मुख्य खेती चाय है। इतिहास के पन्नों में यह क्षेत्र इसलिए चर्चित है कि वर्ष 1790 में टीपू सुल्तान ने कई देशों से पौधा लाकर उसी पर्वत से यूकिलिप्टस का पौधा लगाने की शुरूआत किया था। ठीक उसीतरह पर्यावरणविद कौशल किशोर ने भी दक्षिण भारत में पौधा लगाने का शुभारंभ वर्ष 1983 में उसी नीलगिरी पर्वत से किया था। इसीलिए तो दक्षिण भारत में यूकेलिप्टस पेड़ को नीलगिरी का पेड़ भी कहा जाता है

पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने पर्यावरण धर्म और वन राखी मूवमेंट के तहत जंगल लगाओ जंगल बचाओ को लेकर दक्षिण भारत में 1983 में और 25 वर्ष पूरा होने के उपरांत सिल्वर जुबली मनाने के लिए 2008 में इसके बाद 2015 में महात्मा गांधी कृषि विश्वविद्यालय बेंगलुरु में और 2017 में माराथली के कई स्कूलों में पर्यावरण धर्म के पाठ पढ़ाया था। कोरोना काल के बाद दक्षिण भारत का पहला प्रवास के दौरान विभिन्न जगहों पर पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया ।

पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि उनके द्वारा चलाए गए निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 56 वर्ष और पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के 46वां वर्ष पूरा होने के उपरांत पिछले वर्ष नेपाल भूटान समेत देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण सह रोपण के साथ वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया था । जिसकी शुरूआत माह जुलाई में पलामू प्रमंडल के तत्कालीन आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर से निःशुल्क पौधा वितरण शिविर एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया था। जायसवाल ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए दक्षिण भारत के कई राज्यों में पर्यावरण धर्म, वन राखी मूवमेंट और बीपीएसए संस्था के प्रदेश अध्यक्षों व सचिवों की नियुक्ति की गई। उसी की कड़ी में कई स्थानों के ऐतिहासिक नीलगिरी पर्वत पर कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया गया । कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में चंद्रशेखर, अंजू बंसल, नानगलाहुचन, अविन, सेलवाकवि, धनंजय कुमार, ध्वनियां, शांतनु कुमार, संतोष कुमार आदि शामिल थे।

## स्पोर्ट्स


**बांद्लादेश क्रिकेट टीम ने टी-20 के पहले मुकाबला में विश्व चैंपियन इंग्लैंड को छह विकेट से हरा दिया। तीन टी-20 सीरीज का दूसरा मैच 12 मार्च और तीसरा 14 मार्च को खेला जाएगा।**

### 157 का लक्ष्य 18 ओवर में किया हासिल, प्लेयर ऑफ द मैच शांतो का पचासा

# विश्व चैंपियन इंग्लैंड को बांग्लादेश ने छह विकेट से हराया

एजेंसी

**चट्टोग्राम।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने टी-20 और वनडे वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को छह विकेट से टी-20 पहला अंतरराष्ट्रीय मैच हरा दिया। चट्टोग्राम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाटी करने उतरी इंग्लैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश ने 18 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बांग्लादेश से नजमुल हसन शांतो ने 51 रन की पारी खेली। वहीं शाकिब अल हसन 34 अफीफ होसैन 15 रन बनाकर नाबाद रहे और अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।



### बटलर-सॉल्ट के बाद बिखरी इंग्लिश टीम

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड टीम को कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 10 ओवर में 80 रन जोड़े। सॉल्ट 38 रन बनाकर आउट हुए। उनके जाने के बाद बटलर एक एंड पर खड़े रह गए और दूसरे एंड पर लगातार विकेट गिरने लगे। बटलर 67 रन बनाकर आउट हुए। उनके अलावा बेन डकेट ने 20, डेविड मलान ने 4, सैम करन ने 6 और क्रिस वोक्स ने एक रन बनाया। मोईन अली 8 और क्रिस जॉर्डन 5 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश से हसन मसमूद को सबसे ज्यादा 2 विकेट मिले। वहीं नसुम अहमद, तस्कीन अहमद, मुस्ताफिजुर रहमान और शाकिब अल हसन के खाते में एक-एक विकेट गया।

### बांग्लादेश ने की तेज शुरूआत

157 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश को लिट्टन दास (12) और रोनी तालुकदार (21) ने तेज शुरूआत दिलाई। चौथे ओवर में रोनी और पांचवें ओवर में लिट्टन दास आउट हो गए। तीसरे नंबर पर आए नजमुल हसन शांतो (51) ने टॉडी हिर्दॉय (24) के साथ तीसरे विकेट के लिए 39 बॉल पर 65 रन की पार्टनरशिप की। शांतो और हिर्दॉय के आउट होने के बाद शाकिब और अफीफ ने 34 बॉल पर 46 रन की नाबाद पार्टनरशिप कर 12 गेंद बाकी रहते अपनी टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, मार्क वुड और मोईन अली ने 1-एक विकेट लिया। 51 रन बनाने वाले शांतो प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### इंग्लैंड को पहली बार टी-20 हराया

इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम डिफेंडिंग वनडे और टी-20 वर्ल्ड चैंपियन है। बांग्लादेश ने टीम को पिछले दिनों वनडे मैच हराने के बाद अब टी-20 भी हरा दिया। दोनों देशों के बीच यह टी-20 की पहली ही सीरीज खेली जा रही है। इससे पहले दोनों में एकमात्र टी-20 मैच 2021 के वर्ल्ड कप में खेला गया, जिसे इंग्लैंड ने जीता था। 3 टी-20 सीरीज का दूसरा मैच 12 और तीसरा 14 मार्च को खेला जाएगा।

## पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर बनाये 255 रन

**अहमदाबाद (एजेंसी)। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में पिच का मिजाज बदलते ही बल्ले ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। वहीं, बॉल का असर फीका रहा। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 255 रन बना लिए हैं। गुरुवार को स्टंप्स के बाद ओपनर उस्मान ख्वाजा (104 रन) ने 14वां टेस्ट शतक जमाया। कैमरून ग्रीन 49 रन पर नाबाद लौटे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी कंगारू टीम की ओर से पीटर हैंड्सकॉम्ब 17 रन, स्टीव स्मिथ 38 रन, मार्नस लाबुशेन 3 और ट्रेविस हेड 32 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने दो विकेट चटकाए, जबकि रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक विकेट मिला।**

## विद्युत विभाग की मनमानी : उपभोक्ता परेशान

# बीपीएल उपभोक्ताओं को भेजा 24-30 हजार तक के बकाया बिल का नोटिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



इफ्तिखार महमूद व अरुण यादव के साथ नोटिस दिखाती ग्रामीण महिलाएं।

**तेनुघाट।** गोमिया प्रखंड के सुदूरवर्ती हुरलूंग पंचायत के दर्जनों घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान के लिए कानूनी नोटिस भेजा गया है। यही नहीं, 15 दिनों के अंदर बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर वसूली की कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी भी दी दई गई। नोटिस में एक-एक उपभोक्ता को करीब करीब 24 से 30 हजार रुपये तक का बकाये का उल्लेख है। वहीं, कानूनी नोटिस मिलने से उपभोक्ता काफी डरे सहमे हैं। इलाका के अधिकतर पुरुष प्रवासी मजदूर हैं और काम करने के लिए महाराष्ट्र-कर्नाटक गए हुए हैं। घर में महिलाएं-बच्चे व अन्य सदस्य ही हैं। इन उपभोक्ताओं में से परवा देवी, कुंती देवी, सलमा खातून, जुबेर खातून और सजीवन खातून ने भाकपा नेताओं और झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद से मुलाकात कर आपबीती सुनाई। इसके बाद महमूद और राष्ट्रीय जनता दल के नेता अरुण यादव उक्त ग्रामीणों को साथ लेकर विद्युत कार्यपालक अभियंता के तेनुघाट स्थित कार्यालय पहुंचे। झारखंड आंदोलनकारी एवं भाकपा नेता इफ्तेखार महमूद एवं अरुण यादव ने बताया कि जिन ग्रामीणों से बकाया वसूली के लिए कानूनी नोटिस दिया गया है वे सभी बीपीएल उपभोक्ता हैं। इनका बिजली बिल लगना ही नहीं है। लेकिन राजस्व वसूली के काम का संचालन करने वाली आउटसोर्सिंग कर्मियों द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। महमूद ने कहा कि बीपीएल लाभुकों को सरकार से मिलने वाली रियायत राजस्व में लगे निजी कंपनियां हड़प जा रही है।

## रात में इबादतगाहों में उमड़ी भीड़, दिन में रंगों में सराबोर रही युवाओं की टोली

# छिटपुट हिंसा को छोड़ होली व शब-ए-बारात शांतिपूर्ण संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मंगलवार की रात अकीदत के साथ शब-ए-बारात का त्योहार मनाया गया। पूरी रात लोग घरों और इबादतगाहों में अकीदत के साथ इबादत में जुटे रहे। मस्जिद, मदरसे, कब्रिस्तानों के अलावे इबादतगाहों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। इबादगाहों और कब्रिस्तानों की ओर जाने वाले रास्तों पर विशेष रौशनी की व्यवस्था की गई थी, ताकि इबादत के लिए आने-जाने वालों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। गली मोहल्लों के घरों से पूरी रात इबादत की सदाएं सुनाई देती रहीं। पूरी रात जिले भर के कब्रिस्तानों में लोग अपने पूर्वजों की कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए पहुंचते रहे। नमाज, कुरान की तिलावत सहित अन्य प्रकार की इबादत के बाद लोग अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते रहे। वहीं, दूसरी ओरस बुधवार अहले सुबह से ही जिलेभर के मस्जिदों में फज्र की नमाज के बाद सामूहिक रूप से विशेष दुआ का आयोजन किया गया, जिसमें देश दुनिया की भलाई के साथ साथ पूरे विश्व मे अमन चैन भाईचारगी के लिए दुआ की गई। दूसरी ओर, बुधवार की सुबह से ही युवाओं की अलग-अलग टोली रंगों में सराबोर होकर जिले भर की सड़कों पर मस्ती करते दिखी। युवाओं की टोली देख ऐसा प्रतीत होता रहा है कि मानो बृंदावन कोयलांचल में उतर आया हो। इस नजारे को गली मोहल्लों हाथों में पिचकारी लिए बच्चों की टोली ने चार चांद लगाया। हालांकि दोपहर बाद हुई बारिश के फुहारों ने भी इस उल्लास को कम पड़ने नहीं दिया। शाम होते ही अबीर और गुलाल का दौर चला, बच्चों को प्यार के साथ आशीर्वाद देते बड़े व बड़ों का अभिवादन करते छोटे, एक-दूसरे के गालों में गुलाल लगा कर होली की बधाई देते नजर आए। वहीं धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक राज सिन्हा, विधायक ढुल्लू महतो, अपर्णा सेन गुप्ता, मथुरा महतो, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, डीसी, एसएसपी, ग्रामीण एसपी सहित जिले के गणमान्य लोगों के घर उनके समर्थक और शुभचिंतक पहुंचे और होली की बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चला।





धनबाद कोयलांचल में कहीं नाच-गाकर तो कहीं एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर सौहार्दपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनाया गया।

### छिटपुट घटनाओं को छोड़ त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न

शब-ए-बारात और होली एक साथ होने की वजह से पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी थी। पुलिस की सतर्कता के चलते दोनों त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मंगलवार से ही जिले के चौक चौराहों, इबादतगाहों, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी।

वहीं त्योहार के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया था। हालांकि इन सब के बीच छिटपुट हिंसा की घटनाएं हुई। झरिया के चासनाला में एक बौराई कार ने बाइक सवार बीसीसीएलकर्मी की जान ले ली, जबकि तोपचांची थाना क्षेत्र में एनएच 2 पर खड़ी एक तेल टैंकर में बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार की मौत हो गयी। दूसरी ओर केंदुआडीह में पुराने रंजिश के कारण दो गुटों में हिंसक झड़प हो गयी जिसमें कम से कम आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### व्रजपात से व्यक्ति की मौत, होली का माहौल हुआ गमगीन



**नावाडीह (आजाद सिपाही)।** पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोनियाटो पंचायत के परसाबेडा में बुधवार की दोपहर 1.30 बजे होली के त्योहार के बीच हुई हल्की बारिश के दौरान वज्रपात होने से उसकी चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान खड़े सोरेन (45) के रूप में हुई है। अपने पीछे दो बेटा और दो बेटी छोड़ गया है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पेंक नारायणपुर थाना प्रभारी सुमन कुमार को घटना की सूचना दी गई। इसके बाद थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टण के लिए तेनुघाट अस्पताल भेज दिया। दूसरी ओर, घटना की सूचना क्षेत्र में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। साथ ही होली की मस्ती में झूम रहे लोग गमगीम हो उठे।

### झामुमो कार्यकर्ता भैरव रजक की सड़क दुर्घटना में मौत



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** राजगंज थाना क्षेत्र के एसपीओ गल्ही कुल्ही निवासी झामुमो कार्यकर्ता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान भैरव रजक (39) के रूप में हुई है। भैरव बुधवार होली के दिन बाइक से अपने ससुराल नावाडीह जा रहा था तभी एक अज्ञात वाहन ने बाइक को खरखरी के समीप जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें भैरव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में होली की खुशी मातम में बदल गयी। गुरुवार को भैरव का शव पोस्टमार्टम करवाकर राजगंज लाया गया। शव आते ही परिजन सहित आस पास के लोगो का तांता लग गया। घटना के बाद से पोस्टमार्टम व अंतिम यात्रा तक राजगंज थानेदार आलोक कुमार सिंह दल बल के साथ मदद की भावना के साथ मुस्तैद दिखे। शव आने के बाद टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो भैरव के घर पहुंचे व दुख प्रकट करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही शव यात्रा में शामिल हो श्मसान घाट तक पैदल चले। शान जताने वालों में थानेदार आलोक कुमार सिंह, इन्स्पेक्टर संतोष कुमार, पवन महतो, महादेव महतो, गोविंद महतो, नीलकंठ रवानी, जिला सांसद प्रतिनिधि गिरिधारी महतो, रेखा देवी, ब्यास राय आदि ने गहरा शोक जताया।

### आपराधिक वारदात को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने अपराधी को दबोचा



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** बलियापुर थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने मंगलवार की देर शाम को बलियापुर के बाघमारा के पास से डोमन राम नामक एक पेशेवर अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ बुधवार को मामला दर्ज जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधी जोरापोखर का रहने वाला बताया जा रहा है। गुप्त सूचना पर उक्त अपराधी को कट्टा के साथ गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया है। यह दो बड़े घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में था। ट्रक्स व हाईवा चोरी में इसकी संलिप्तता पाई गई है। यह एक प्रोफेशनल अपराधी है। कई थानों में इसके खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज हैं।

### गड़ेरिया साइडिंग को शुरू करने की तेज हुई कवायद, महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** गड़ेरिया साइडिंग को दोबारा शुरू करनी की कवायद तेज करदी गई है। गुरुवा को सिजुआ एरिया जीएम अनूप कुमार राय ने गड़ेरिया साइडिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि एक से डेढ़ माह के भीतर साइडिंग को दोबारा से चालू कर दिया जाएगा। इस साइडिंग से सिर्फ वाशरी ग्रेड टू का कोयला लोड होगा। लाइन किनारे रेलवे का एक पोल हटाने की बात चल रही है, जिसके बाद साइडिंग प्लेटफार्म को ऊंचा किया जाएगा। गड़ेरिया साइडिंग में फिर से सीएचपी व वे ब्रीज का निर्माण किया जाएगा। मौके पर वे ब्रीज के नोडल अफसर एम बासु, सेल्स ऑफिसर सौरभ सुमन, साइडिंग इंचार्ज विवेकानंद सिंह, ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के राजेश चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

### मजदूर हित में निःस्वार्थ भाव से सेवा करना ही बीएमएस का उद्देश्य : रेड्डी

**कतरास (आजाद सिपाही)।** जी-20 व एल-20 में विभिन्न आयाम जुड़े हैं। यूरोपियन संघ और 19 देशों का यह समूह जिसका मुख्य कार्य वैश्विक नियंत्रण बनाए रखना है। इसमें भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) को शामिल करना गौरव का विषय है। मजदूरों हित में सोचना एवं निःस्वार्थ भाव से सेवा करने वाला एकमात्र मजदूर संगठन बीएमएस है। जिसके प्रति मजदूरों का विश्वास बढ़ रहा है। उक्त बातें संघ के कोल उद्योग प्रभारी सह जेबीसीसीआई सदस्य के लक्ष्मा रेड्डी ने कहा। वे गुरुवार को डुमरा सामुदायिक भवन में धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (भमसं) की एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 11 वां वेतन समझौता होने में विलंब जरूर हुआ है लेकिन एतिहासिक हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय सिंह ने की।

# समाजसेवी चंद्रमोहन ग्रोवर का निधन





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बलियापुर।** भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर के बड़े भाई समाजसेवी सह व्यवसायी चंद्रमोहन ग्रोवर का निधन हो गया है। बुधवार की सुबह चंद्रमोहन का पार्थिव शरीर केंदुआटांड़ स्थित उनके आवास पहुंचा तो पूरा बलियापुर का माहौल गमगीन हो गया। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ता आदि शोक मनाने पहुंचे थे। आवास पहुंचकर संवेदना व्यक्त करने वालों में धनबाद के विधायक राज सिन्हा, मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो, पूर्व विधायक फूलचंद मंडल, मासस के युवा नेता बबलू महतो, जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, सिख समाज के सेवा सिंह, उप प्रमुख आशा देवी, स्वपन कुमार महतो, जिप सदस्य संजय महतो, गिरधारी लाल अग्रवाल, मिठू सरिया, कल्याण भट्टाचार्य, आशीष चटर्जी, कन्हाई बनर्जी, कुलदीप अग्रवाल आदि शामिल थे। बतातें चलें कि सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले मृदुभाषी स्व ग्रोवर पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। विगत सात मार्च को हैदराबाद में उपचार के दौरान उनका देहांत हो गया था। वो अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार बास्ता कोला, गोशाला में किया गया।

## नौकरी से बर्खास्त होने के बाद से था तनाव में

# बीसीसीएल के पूर्व कर्मी ने की खुदकुशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लोयाबाद।** बीसीसीएल के एक पूर्व कर्मचारी द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान दशरथ दुसाध (70) के रूप में हुई है। वह कनकनी निचला धौड़ा का रहने वाला था। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। वहीं, पुलिस मृतक के पुत्र उदय शंकर राम की लिखित शिकायत पर यूडी केस दर्ज किया है। मृतक के पुत्र द्वारा थाने में दी गई शिकायत के मुताबिक वह लोयाबाद कोलियरी में कार्यरत था। साल 1985 में घटी एक घटना के बाद दशरथ सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। तब से वह तनाव में रहते थे। रात में परिवार के साथ बैठ कर उन्होंने खाना खाया और अपने कमरे में सोने चले गए। अगले दिन सुबह में जब उठा तो देखा कि वह पंखा में रस्सी से वह लटक रहा था। यह देखते ही घर में कोहराम मच गया। खबर पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। बेटा ने कहा कि वह रात में शराब का सेवन किए हुए थे।


## कार्यालय जुगसलाई नगर परिषद, जमशेदपुर ।

पत्रांक........................ दिनांक........................

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना–06/2022–23**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जुगसलाई नगर परिषद् अन्तर्गत DAY-NULM के SEP घटक के तहत ऋण प्राप्त लाभुकों को 06 दिवसीय EDP (Entrepreneurship Development Programme) प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति Entrepreneurship Development/Training Management Education /Institutions Engaged in EDP Training से निबंधित एजेंसी भाग ले सकते है।

1. विज्ञापन दाता का नामः– कार्यपालक पदाधिकारी, जुगसलाई नगर परिषद्।
2. आवेदन प्राप्ति की तिथि समय एवं स्थानः– दिनांक 17.03.2023, समय– अपराह्न 2:00 बजे तक, जुगसलाई नगर परिशद्।
3. आवेदन खोलने का तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक 17.03.2023, समय– अपराह्न 03:00 बजे, जुगसलाई नगर परिशद्।

| घटक | कुल लाभुकों की संख्या | प्रशिक्षण सामग्री | प्रशिक्षण दर (प्रति लाभुक) विभाग द्वारा अनुमोदित | प्रशिक्षण पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| SEP & SHG Credit Linkage | 22 | Folder, Pen, Not-pad, Brochure, Lunch, Certificate, etc. | 385 / Per Day | 06 दिन |

नियम एवं शर्तेः–
1. आवेदन मुहरबंद लिफाफे में देना होगा, जो एक ही लिफाफे में होगा।
2- EDP प्रशिक्षण देने वाली संस्थानों का चयन प्रक्रिया में उनके अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जायेगी।
3. प्रशिक्षण के दौरान अग्रिम राशि का भुगतान नही किया जायेगा।
4. प्रशिक्षण हेतु फोल्डर, नोट पेड, नास्ता, चाय, पानी, खाना, अन्य प्रशिक्षण से संबंधित मेटेरियल, उपस्थिति पंजी आदि की उपलब्धता संस्थाओं द्वारा अपने खर्च से की जायेगी।
5- EDP प्रशिक्षण देने का अनुभव प्रमाण–पत्र, EDP के प्रशिक्षण हेतु सरकार द्वारा अधिकृत/निबंधित संबंधी प्रमाण–पत्र, GST निबंधन, आई०टी० रिर्टन, देना अनिवार्य है तथा "किसी सरकारी संस्थान से Black Listed/Debrred नही है" का शपथ पत्र संलग्न करना होगा।
6. इच्छा की अभिव्यक्ति के साथ सभी प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. किसी भी समय इच्छा की अभिव्यक्ति को रद्ध करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, जुगसलाई नगर परिषद् को सुरक्षित रहेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
जुगसलाई नगर परिषद्, जमशेदपुर।

PR 292169 (Urban Development) 22-23 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/16/2022-23 Re-tender (2nd Call)**
**P.R. No. 289005 (Rural Development) 22-23 (D)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | राँची जिला के खेलारी प्रखंड स्थित मायापुर पंचायत में हरहू नाला पर आर०सी०सी० पुलिया निर्माण। | 265.25996 | 10,000.00 | 5,31,000.00 | 18 माह |
| II | राँची जिला के खेलारी प्रखंड के लपरा पंचायत के चट्टी नदी में आर०सी०सी० पुलिया निर्माण। | 250.71865 | 10,000.00 | 5,02,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 22.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.03.2023 से दिनांक 31.03.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 03.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची।
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 05.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9523491111
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डोरंडा शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. बिना कारण बताये किसी भी स्तर पर निविदा को रदद् का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।
12. टेन्डर डॉक्यूमेंट के साथ Updated Ucan समर्पित करना Mandatory है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची

PR 292172 Rural Work Department(22-23).D

## कार्यालय अभिहित अधिकारी –सह– अनुमण्डल पदाधिकारी, रंका (गढ़वा), (खाद्य सुरक्षा शाखा)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा रंका अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य् सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार करने से पहले लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त किया जाना वैधानिक अनिवार्यता है। बिना वैद्य लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन धारित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की धारा–63 के अंतर्गत 6 माह के कारावास की सजा तथा 05 लाख रूपये तक के जुर्माना का प्रावधान है। इस संदर्भ में रंका अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारीयों के लिए निम्न प्रकार से लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया जाना हैं :–

| क्र०सं० | कैम्प आयोजन स्थल का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रखण्ड कार्यालय परिसर, बड़गड़। | 11.03.2023 | 11:00 बजे पूर्वा० से 03:00 बजे अप० तक |
| 02. | प्रखण्ड कार्यालय परिसर, रमकण्डा। | 15.03.2023 | 11:00 बजे पूर्वा० से 03:00 बजे अप० तक |
| 03. | प्रखण्ड कार्यालय परिसर, चिनियाँ। | 18.03.2023 | 11:00 बजे पूर्वा० से 03:00 बजे अप० तक |

**रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज की सूची (जिसका टर्नओवर12 लाख से कम हो) :–**
1. आवेदक का पहचान पत्र।
2. अगर पहचान पत्र में व्यवसाय स्थल का पता नहीं है तो व्यवसाय स्थल के लिए पता का प्रमाण पत्र।
3. एक पासपोर्ट आकार का फोटो।
4. रजिस्ट्रेशन हेतु शुल्कः 100 रू०

**लाइसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेज की सूची (जिसका टर्नओवर 12 लाख से अधिक हो):–**
1. प्रोपराईटर्स/डाइरेक्टर्स/पार्टनर की सम्पूर्ण विवरणी (पता/मो.नं./ई. मेल आईडी. इत्यादि)।
2. आवेदक/प्रोपराईटर/पार्टनर का पहचान पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र।
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का प्रमाण पत्र (सेल डीड, बिजली बिल, राजस्व रसीद इत्यादि)।
4. प्रोपराईटर सीप से संबंधित स्व–घोषणापत्र/पार्टनर सिप डीड/फार्म IX।
5. मैन्युफैक्चररिंग युनिट का फोटो, प्रोसेसिंग एरिया सहित। मैन्युफैक्चरिंग उत्पाद की सूची।
6. मैन्युफैक्चररिंग युनिट में प्रयोग की जा रही मशीनों की सूची क्षमता अनुरूप।
7. मैन्युफैक्चररिंग युनिट के लिए Recall Plan.
8. उत्पादन इकाई का ले–आउट/ब्लुप्रींट, क्षमता के अनुरूप।
9. होटल/कैटरर/रेस्टुरेंट के लिए उपयोग में लाए जा रहे पेयजल की शुद्धता का जॉच रिपोर्ट।
10. लाइसेंस हेतु शुल्कः 2000 रू० (Wholesaler, Distributor, Retailer, Caterer), 3000 रू० (Manufacturer)

मीट, चिकन एवं मछली का विक्रय करने वाले दुकानदार अपने साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र अपने क्षेत्र के मुखिया या वार्ड पार्षद से (मुहर सहित) लेकर आयेंगे।

अतः रंका अनुमण्डल क्षेत्र के सभी खाद्य कारोबारी जैसे– खुदरा विक्रेता, थोक विक्रेता, वितरक, उत्पादक, होटल, रेस्टुरेंट, स्ट्रीट फुड भेंडर, केटरर, बुचड़खाना, मछली दुकान, अण्डा दुकान, दुग्ध दुकान, सब्जी–फल दुकान, दवा दुकान, शराब दुकान, आर०ओ० पानी सप्लायर, सरकारी एवं अर्ध–सरकारी कार्यालय परिसर संचालित कैन्टिन, स्टोर रूम इत्यादि के संचालक/ मालिक/ प्रोपराईटर/ पार्टनर इत्यादि को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त तिथियों को कैम्प में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है।

अभिहित अधिकारी –सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, रंका

PR 292145Food Public Distribution and Consumer Affairs(22-23)#D

## खोरधा रोड मंडल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** महिला सशक्तिकरण का सम्मान करने के उद्देश्य से खोरधा रोड मंडल ने रेलवे कल्याण मंडप, ट्रैफिक कॉलोनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड, श्री कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर रिंकेश राय ने कहा कि खोरधा रोड मंडल के विभिन्न विभागों में 1000 से अधिक महिला कर्मचारी कार्यरत हैं। मंडल रेल प्रबंधक ने खोरधा रोड मंडल के सभी विभागों की 20 फ्रंटलाइन महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया। समारोह के दौरान महिला कर्मचारियों के लिए आयोजित निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिये गये। मैकेनिकल रिक्रिएशन क्लब के सदस्यों और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की लड़कियों द्वारा महिला सशक्तिकरण पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। रंजन कुमार महांती, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, खोरधा रोड ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## सम्राट मार्केट कॉम्प्लेक्स में आग, 18 घंटे के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी सम्राट मार्केट कॉम्प्लेक्स में आग लगने की घटना पर दमकल विभाग के डीजी सत्य उपाध्याय ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, अब दमकल की 12 गाड़ियां, 160 से ज्यादा दमकलकर्मी काम में लगे हैं। दमकल विभाग आधुनिक उपकरणों की मदद से आग बुझाने में लगा हुआ है। कटक फायर ऑफिसर रमेश चंद्र माझी के नेतृत्व में ऑपरेशन जारी है। अन्य एक अग्निशमन अधिकारी उसकी सहायता के लिए घटनास्थल गए है। रात का अंधेरा होने और शटर बंद होने के कारण इसमें अधिक समय लगा। कपड़े की दुकान एवं प्लास्टिक सामग्री होने के कारण आग बुझाने में देरी हो रही है। दमकल निदेशक ने कहा कि आग जल्द ही बुझ जायेगी।

# जी20 डिजिटल इनोवेशन एलायंस स्टार्टअप इकोसिस्टम में युवाओं की हो भागीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** किट टीबीआई में जी20 डिजिटल इनोवेशन एलायंस (जी20-डीएआइ) की बैठक आज आयोजित की गई, जिसमें युवाओं, इनोवेटर्स और स्टार्ट-अप्स के बीच जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया गया ताकि डिजिटल समाधानों पर काम कर रहे युवा दिमागों को पहचाना जा सके और उनका समर्थन किया जा सके। इस साल अगस्त में बेंगलुरु में मेगा समिट में भाग लेने की योजना है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने कहा कि स्टार्टअप मेरे दिल के बहुत करीब है। अब स्टार्टअप्स और आइडियाज के जरिए उद्यमी युवा सफलता के शिखर पर पहुंच सकते हैं। फारआई के सह-संस्थापक और सीओओ, किट के गौतम कुमार का उदाहरण देते हुए। हालांकि प्रसिद्ध शिक्षाविद ने कहा कि जबकि इस अवधारणा ने दुनिया में तूफान ला दिया है, हमारे समय के दौरान कभी नहीं सुना गया था।

डॉ. सामंत ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान हमारी आर्थिक प्रगति को एक नयी दिशा में ले जाने के लिए भारत के युवाओं को सशक्त बनाने की प्रधानमंत्री की दूरदर्शी पहल की सराहना करते हुए यह भी बताया कि किट-डीयू यूथ-20, थिंक-20 और सिविल-20 निकट भविष्य में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन स्थल होगा। उन्होंने यह भी कहा कि किट- टीबीआइ ने 380 स्टार्टअप्स को सफलतापूर्वक इनक्यूबेट किया है और विभिन्न क्षेत्रों में नवीन विचारों और समाधानों के साथ 5,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। जीत विजय सीईओ इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत स्टार्टअप हब, ने परिचयात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत में 90,000 से अधिक स्टार्टअप हैं और बेंगलुरु में अगस्त जी20-डीएआइ स्टार्टअप कॉन्क्लेव सबसे बड़े आयोजनों में से एक होगा। जी-20 राष्ट्रों को स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को एक अलग स्तर पर ले जाने के लिए, क्योंकि इसमें 174 अवधारणाओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जो भाग लेने वाले देशों से सभी प्रस्तुतियां के लिए सूचीबद्ध होंगी।

## केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी को लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने दी होली की बधाई



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह और उनकी धर्मपत्नी द्वारा कोडरमा की लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से होली पर मिल कर शुभकामनाएं प्रेषित की एवं रंगोत्सव का पावन त्योहार आप सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, आरोग्य और सद्प्रवृत्तियों का संचार करे भगवान से मंगलकामना की।

## किस के होली सेलिब्रेशन में चमके ऑलिवुड सितारे



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रंगों का त्योहार होली मंगलवार को कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) के परिसर में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ओलीवुड के कई अभिनेताओं, अभिनेत्रियों, गायकों और निर्देशकों की उपस्थिति में 30,000 छात्रों द्वारा रंगीन शाम का जश्न मनाया गया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये और विद्यार्थियों का मनोरंजन किया। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के साथ कादंबिनी के संपादक इतिरानी सामंत ने इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है सोआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के छात्रों में 47 प्रतिशत छात्राएं और इसके कर्मचारियों में 51 प्रतिशत महिलाएं हैं, डीम्ड विश्वविद्यालय देश में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है। राज्य सोआ उपाध्यक्ष सास्वती दास ने मंगलवार को कहा कि महिलाएं समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए विभिन्न नवाचारों और खोजों में उल्लेखनीय योगदान देते हुए विभिन्न व्यवसायों में खुद को साबित कर रही हैं। दास ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (आईडब्ल्यूडी) को चिह्नित करने के लिए विश्वविद्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। विश्वविद्यालय की सेवा करने वाली महिलाओं को बधाई देते हुए आइडब्ल्यूडी के लिए वर्तमान वर्ष की थीम-'डिजिटलः लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी' का उल्लेख करते हुए, सुश्री दास ने कहा कि डिजिटल तकनीक समेत हर क्षेत्र में महिलाएं खुद को साबित कर रही हैं। सभा को सोआ के परीक्षा नियंत्रक प्रो मंजुला दास, इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की डीन प्रो (डॉ) नीता महांती और भारत की प्राचीन संस्कृति और विरासत के संरक्षण, प्रचार और बहाली केंद्र की प्रमुख, प्राचीन विरासत और संस्कृति के संरक्षण और बहाली के लिए सोआ की शाखा गायत्रीबाला पंडा, तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, सोआ के इंजीनियरिंग संकाय में अतिरिक्त डीन (छात्र मामले) रेणु शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। इस अवसर पर सोआ की आठ महिला कर्मचारियों और इसके मीडिया विंग में कार्यरत तीन अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

# रेलवे की प्रेरक महिलाओं को पूर्व तट रेलवे ने मान्यता दी

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईकोरो) के सहयोग से रेलवे ऑडिटोरियम में आज पूर्व तट रेलवे द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए ईमानदारी और समर्पण के लिए रेलवे महिलाओं को बधाई दी। ईकोरो के अध्यक्ष दिव्या शर्मा ने बताया कि महिलाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व तट रेलवे सेंट्रल अस्पताल की वरिष्ठ सलाहकार डॉ अरुंधति सेनापति ने कहा कि आपदा और महामारी के समय महिला रेलकर्मियों की उत्कृष्ट और समर्पित सेवा अत्यंत सराहनीय है। महाप्रबंधक श्री शर्मा और ईकोरो की अध्यक्ष दिव्या शर्मा ने भी 50 रेलवे महिलाओं को उनके कर्तव्यों का पालन करते हुए काम में ईमानदारी और समर्पण के लिए सम्मानित किया और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 को चिह्नित करने के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के अपर महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पूर्व तट रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी तुषार कांति मंडल ने कार्यक्रम का समन्वयन किया और उप मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रखर गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। तीनों मंडल मुख्यालय खुर्दा रोड, वाल्टेयर और संबलपुर में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।

# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधकमनोज शर्मा ने आज रेल सदन चंद्रशेखरपुर भुवनेश्वर में पूर्व तट रेलवे मुख्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ पूर्व तट रेलवे अधिकार क्षेत्र के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की प्रगति की समीक्षा की। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक श्री शर्मा ने पूर्व तट रेलवे अधिकार क्षेत्र में भुवनेश्वर, भुवनेश्वर न्यू, पुरी, कटक स्टेशनों के पुनर्विकास की प्रगति की समीक्षा की। श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को रेलवे के चल रहे बुनियादी ढांचे के कार्यों में तेजी लाने और स्टेशनों के समग्र सौंदर्यीकरण में सुधार करने और परियोजना को जल्द पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

श्री शर्मा ने अधिकारियों को जमीनी स्तर से लेकर सार्वजनिक केंद्रित परियोजनाओं के निर्माण के दौरान उठाए गए शॉर्ट-आउट मुद्दों तक सभी एजेंसियों के साथ उचित समन्वय के साथ काम करने की सलाह दी और लक्षित कार्यों को जल्द पूरा करने पर जोर दिया। पुरी स्टेशन के पुनर्विकास के लिए नींव का काम पहले ही शुरू किया जा चुका है। पुनर्विकास कार्य के लिए भुवनेश्वर स्टेशन पर दुकानें, पूछताछ काउंटर पुनर्वास पूरा कर लिया गया है। इसी तरह कटक रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के निर्माण के लिए मिट्टी की जांच चल रही है। इसके अलावा, भुवनेश्वर न्यू स्टेशन के पुनर्विकास की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**